## न्यूज ब्रीफ

### रक्तदान शिविर लगवाने पर मिला प्रशस्ति पत्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट द्वारा रविवार को रामगंगा विहार में बैंक्वेट हाल में थैलेसीमिया से ग्रसित मरीजों के लिए रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्तदान कराया गया था। इसके लिए महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट को मंगलवार को जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक व मंडलीय अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. संगीता गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक ने उनके द्वारा जरूरतमंद मरीजों के इलाज में मदद के लिए लगवाए जा रहे रक्तदान शिविर की सराहना की। महासभा के अध्यक्ष ने बताया कि अब तक 90 यूनिट ब्लड जिला अस्पताल को समर्पित किया जा चुका है।

### बरात से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव हैबतपुर बंजारा निवासी अब्दुल हक ने बताया कि 25 मार्च को वह पड़ोसी गांव कालाखेड़ा में एक बारात में शामिल होने गया था। शाम करीब 3 :30 बजे जब वह वापस लौट रहा था, तभी आरोपी शहजाद, सारिक, मोंटी, कुंदन समेत दस लोगों ने लाठी-डंडों से लैस होकर उसका रास्ता रोक लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आए शारिक और सलमान को भी गंभीर चोटें आईं। मारपीट के दौरान हमलावरों ने पीड़ित की जेब से 5100 रुपये भी लूट लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

### बाजार में गाड़ी खड़ी होने पर दो पक्षों में मारपीट

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर में स्टेशन रोड के बाजार में नदीम हाजी की डीए ट्रेडर्स व ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। मंगलवार को चालक माल वाहक गाड़ी सड़क में गाड़ी खड़ी कर माल उतार रहा था। तभी बाइक सवार आया और रास्ते में खड़ी गाड़ी चालक को गाली देने लगा। बात बढ़ती देख लोगों ने बाइक सवार को समझा बुझाकर कर भेज दिया उसके बाद रात्रि 8 बजे बाइक सवार शराफत दबंग किस्म के लोगो को लेकर आ गया और आते ही दुकान में तोड़फोड़ मचाने लगे और मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आये शाहबुद्दीन घायल हो गए। बाजार में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया। दुकान स्वामी नदीम हाजी ने कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। चौकी प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि 14 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# दंपती का हत्यारोपी गिरफ्तार, पांच आरोपी फरार

## प्लॉट के बकाया 24 हजार रुपये को लेकर हुए विवाद में दोहरे हत्याकांड को दिया गया था अंजाम, अन्य की तलाश में पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हमले में घायल हो गया था हत्यारोपी, अस्पताल से छुट्टी मिलते ही किया गिरफ्तार
- बेटे को बदला लेने को उकसाया फरार हत्यारोपियों की तलाश में लगीं तीन टीमें

**अमृत विचार :** सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक में प्लॉट के बकाया रुपयों को लेकर हुए विवाद में दंपती की गला रेत कर हत्या के मामले में पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दोहरे हत्याकांड में शामिल पांच अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें जुटी हैं। मुख्य आरोपी एक दिन पहले हुए विवाद में घायल हो गया था और जिला अस्पताल में इलाज करा रहा है। इस दौरान बेटे को बदला लेने को उकसाया। बेटे ने साथियों के साथ मिलकर दोहरे हत्याकांड को अंजाम दे दिया।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल की रात को दोहरे हत्याकांड में कार्रवाई करते हत्या के मुख्य आरोपी फहीम को गिरफ्तार किया गया है। अभी आरिफ पुत्र अख्तर उर्फ हाजीबड्डा, नवाब पुत्र प्यारे निवासी चक्कर की मिलक सिविल लाइन, फरजंद पुत्र फहीम, अनस पुत्र शाकिर और फहीम का



पुलिस गिरफ्त में दोहरे हत्याकांड का आरोपी। ● अमृत विचार

भतीजा फरार चल रहे हैं। फहीम घटना के दौरान घायल हो गया था और जिला अस्पताल में इलाज करा रहा था। अस्पताल से छुट्टी मिलते ही पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी फहीम ने बताया कि जमीन के पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। करीब एक वर्ष पहले फहीम, आरिफ और नवाब ने मिलकर राजा नामक व्यक्ति को 2.24 लाख रुपये में एक प्लॉट बेचा था। इसमें से राजा ने दो लाख रुपये दे दिए थे, जबकि 24 हजार रुपये बकाया थे। कई बार मांगने के बावजूद जब पैसा नहीं मिला तो विवाद बढ़ गया। 19 अप्रैल को पैसे मांगने पर कहासुनी के दौरान राजा ने ईंट मारकर फहीम को घायल कर दिया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पूछताछ में फहीम ने बताया कि अस्पताल में ही उसने अपने बेटे फरजन्द को अपमान का बदला लेने के लिए उकसाया था। फहीम के उकसाने पर उसका बेटा फरजन्द दो अन्य साथियों के साथ राजा के घर पहुंचा और राजा व उसकी पत्नी फरहा पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की तीन टीम अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं।

### कुर्की: जज के पिता के हत्यारोपी के दरवाजे-खिड़की उखाड़े

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन क्षेत्र के जिगर कॉलोनी चौराहे पर 27 फरवरी को हुए हत्याकांड के बाद अब पुलिस ने फरार मुख्य आरोपी पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। थाना नागफनी क्षेत्र में फरार मुख्य आरोपी जफर के मकान की कुर्की मंगलवार को की कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी के मकान दुकान के दरवाजे खिड़की के साथ सारा सामान जब्त कर थाना में जमा कर दिया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 27 फरवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे जज के पिता एवं बेकरी संचालक असद पर उसके साले जफर ने अपने बेटे और साथियों के साथ मिलकर सरेआम ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या दी थी। पुलिस ने हत्या के मामले में फैजान, आलमवीर और आसिफ को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया। हालांकि, हत्याकांड का मुख्य आरोपी जफर और उसके बेटे अब भी फरार हैं। उसकी



कुर्की के दौरान मौजूद पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य हत्यारोपी पर कसा शिकंजा
- दुकान और मकान की कुर्की कर सारा सामान किया जब्त

गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सकी है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने कोर्ट का सहारा लिया। सीजीएम कोर्ट के आदेश पर थाना नागफनी क्षेत्र में स्थित जफर के मकान पर कुर्की की कार्रवाई करते हुए उसके मकान का सारा दरवाजे खिड़की और कपड़े की दुकान का शटर उखाड़ कर दुकान का सारा सामान जब्त कर प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने थाने में जमा कर दिया है। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। एसपी सिटी ने बताया कि हमलावरों ने बेहद नजदीक से असद पर कई राउंड गोलियां चलाईं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी।

### तेंदुए ने किया कुत्ते का शिकार, ग्रामीण ने की पिंजड़ा लगाने की मांग

**कांठ, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में लगातार तेंदुए दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीती रविवार देर रात ग्राम चंगेरी निवासी जयवीर सिंह परिजनों के साथ घर में सो रहे थे। देर रात तेंदुआ घर में घुसा और उनके पालतू कुत्ते को उठा ले गया। कुत्ते की आवाज सुनकर परिजन उठे तो देखा कि तेंदुआ कुत्ते को मुंह में दबाकर जंगल की तरफ ले गया। सोमवार को सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सचेत किया कि वह अकेले जंगल ना जाएं। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाने की मांग की हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम दरियापुर, महदूद कलमी, राजीपुर खददर, पाइन्दापुर, रामसराय, सलेमपुर, फजलाबाद, बेगमपुर, मिश्रीपुर आदि कई दर्जन ग्रामों में तेंदुए की दहशत है। वन विभाग की डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि इसके बाद कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो जल्दी ही अधिकारियों की अनुमति लेकर पिंजरा लगाया जाएगा

## स्कूल बंद मिलने पर प्रधानाध्यापिका निलंबित

संवाददाता, स्वार

- वित्तीय अनियमितताओं और शैक्षिक कार्यों में लापरवाही के आरोप
- दायित्वों का निर्वाहन नहीं करतीं हैं प्रधानाध्यापिका

**अमृत विचार:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने प्राथमिक विद्यालय नरपतनगर मेहंदीनगर द्वितीय की प्रधानाध्यापिका गोहर फातिमा को वित्तीय अनियमितताओं और शैक्षिक कार्यों में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है।

एक माह पूर्व बीईओ पी एल निरंकारी को निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद मिला था। विद्यालय में विभिन्न मदों में खर्च की गई धनराशि में अनियमितताएं पाई गईं। साथ ही विद्यालय के शैक्षिक स्तर में सुधार को लेकर अपेक्षित प्रयास नहीं किए जाने और अभिलेखों के रखरखाव में भी खामियां सामने आईं थी। जिसकी रिपोर्ट बीएसए को भेज कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने पाया कि प्रधानाध्यापिका द्वारा अपने दायित्वों का सही निर्वहन नहीं किया गया। जिससे विद्यालय की व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। विभाग ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश भी दिए हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर चालक ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**कांठ, अमृत विचार:** थाना छजलैट के ग्राम कुरी रवाना निवासी सलीम एवं गांव का ही फाइक नवी 14 अप्रैल की दोपहर 12:30 बजे बाइक से 6 जुलाई को जा रहे थे। सिराज नगर भीकनपुर पहुंचे, तभी ट्रैक्टर चालक कुशल पुत्र प्रदीप निवासी किशनपुर तेज गति से ट्रैक्टर को चला रहा था, उसने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक अस्पताल में उपचार के लिए भिजवाया था। इसके बाद उन्हें मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## बरात चढ़त के दौरान हुए विवाद में युवक की पिटाई से मौत

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** पटवाई में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि दोस्त की बहन की शादी में बरात चढ़त के दौरान हुए विवाद के बाद युवक की पिटाई की गई, उसके बाद शराब में जहर देकर उसकी हत्या कर दी गई।



मृतक सोनू।

मृतक की पहचान ग्राम सहबिया कला निवासी सूरजपाल के बेटे सोनू के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सोनू मंगलवार दोपहर दोस्त बबलू की बहन की शादी में शामिल होने गया था। शाम करीब चार बजे बरात चढ़त के दौरान डीजे



मोर्चरी पर मौजूद परिजन ● अमृत विचार

पर नाचने को लेकर दूसरी बिरादरी के कुछ लोगों से सोनू की कहासुनी हो गई। भाई राजू ने आरोप लगाया कि झगड़ा करने वालों ने पहले बारात में सोनू के साथ अभद्रता की और फिर उसकी पिटाई की। इसके बाद भी सोनू को रास्ते में घेर लिया और फिर से मारपीट की। भाई राजू का आरोप है कि हमलावरों ने सोनू को जबरन शराब में जहर दे दिया और उसे मरणासन्न हालत में घर के बाहर छोड़कर फरार हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में सोनू को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद घर में कोहराम मच

- दोस्त की बहन की शादी में गया था युवक, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप
- डीजे पर नाचने को लेकर हुआ था विवाद, शराब में जहर देकर मारने का आरोप

गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही पटवाई पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। परिजनों का कहना है कि आरोपी पहले भी गांव में कई बार बारात के दौरान विवाद कर चुके हैं। पटवाई थाना प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि परिजनों ने तहरीर दी है और मामले में जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस घटना की हर पहलू से गहनता से जांच कर रही है।

## शार्ट सर्किट से कॉटन गोदाम में लगी आग

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** नगर के कल्याणपुर मोहल्ले में सोमवार देर रात एक कॉटन गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गोदाम में रखा लाखों रुपये का कॉटन जलकर राख हो चुका था।

जानकारी के अनुसार अर्श टेक्सटाइल ट्रेडर्स के कॉटन गोदाम में देर रात अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और ऊंची-ऊंची लपटों के साथ धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी



कारखाने में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी। ● अमृत विचार

- लाखों रुपये का सामान जलकर हुआ राख
- मशक्कत के बाद आग पर पाया काबूं

भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने काफी देर तक मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक गोदाम का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। राहत की बात यह रही कि घटना के समय गोदाम में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और जांच के निर्देश दिए हैं।

## मर चुका आंख का पानी लिख, उजड़े हुए घरों की कहानी लिख ...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** साहित्य के प्रसार एवं संरक्षण को समर्पित न्यास साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से कार्यक्रम में मुम्बई के चर्चित साहित्यकार प्रदीप गुप्ता को सम्मानित किया गया। आकाश रेजिडेंसी में आयोजन की अध्यक्षता दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय के प्रबंधक उमाकांत गुप्त ने की।

डॉ. अर्चना गुप्ता ने मां सरस्वती की वंदना की। साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय के संस्थापक डॉ. मनोज रस्तोगी, कार्यक्रम संयोजक डॉ. पुनीत कुमार व सह संयोजक श्रीकृष्ण शुक्ल ने प्रदीप गुप्ता के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए उमाकांत गुप्त ने कहा....रंग दुनिया के सब मज़हबी हो गए, रंग कैसा चुनेगी



मुम्बई के साहित्यकार प्रदीप गुप्ता को सम्मानित करते साहित्यकार।

बता तू यहां।

सम्मानित साहित्यकार प्रदीप गुप्ता ने सुनाया ...मां बाबूजी इन दिनों थकने लगे हैं, दवाओं के बिल भी बढ़ने लगे हैं, बाबूजी दोस्तों के साथ अब कार्ड नहीं खेलते हैं, न ही सिंगल मॉल्ट की चुस्की ले के टीवी देखते हैं। वरिष्ठ साहित्यकार अशोक विश्नोई ने सुनाया, ...मर चुका आंख का पानी लिख, उजड़े हुए घरों की कहानी लिख, क्या सोचता है प्यारे उठा कलम- रोते हुए बच्चों की जवानी लिख। वीरेन्द्र सिंह ब्रजवासी ने आपस में झगड़ा करें, ईश्वर की संतान! कितना दुख होगा उसे, है इसका अनुमान और श्रीकृष्ण शुक्ल ने ... एक दर्पण रूप मेरे नित्य नव गढ़ता रहा, मैं स्वयं की झुर्रियों के बिम्ब ही पढ़ता रहा सुनाया। डॉ. कृष्ण कुमार नाज ने सुनाया ....ये जो रिश्ते हैं, ये लगते तो हैं जीवन की तरह , कैफ़ियत इनकी है लेकिन किसी बंधन की तरह और डॉ. मनोज रस्तोगी ने मां को समर्पित रचना प्रस्तुत की। योगेन्द्र वर्मा ''''व्योम'''' ने ... दोष गिना मत और के, अपने भीतर झांक। रिश्तों में क्यों हो गया, अपनापन दो-फांक से सभी को प्रभावित किया। इसके अलावा धनसिंह ''''धनेन्द्र'''', डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. पुनीत कुमार, ज़िया ज़मीर, फ़रहत अली ख़ान आदि ने भी अपनी रचनाएं सुनाईं।

- साहित्यिक मुरादाबाद ने मुंबई के साहित्यकार प्रदीप गुप्ता को किया सम्मानित
- सम्मान समारोह में आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने पेश कीं रचनाएं
- साहित्यकारों ने प्रदीप गुप्ता के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला

### जीआरपी की तत्परता से बुजुर्ग सुरक्षित परिजनों को सौंपे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जीआरपी की सतर्कता और सूझबूझ से घर से नाराज होकर रेलवे स्टेशन पहुंचे बुजुर्ग को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

जीआरपी थाना प्रभारी रवेंद्र कुमार वशिष्ठ ने बताया कि मंगलवार को ड्यूटी के दौरान टीम को सूचना मिली कि सहारनपुर-मुरादाबाद मेमो ट्रेन में घर से नाराज होकर करीब 75 वर्षीय बुजुर्ग आ गए हैं, जिनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं बताई गई। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक राजीव कुमार ने टीम के साथ सक्रियता दिखाते हुए मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग को खोज निकाला। पुलिस टीम बुजुर्ग को थाने लाई और उनसे जानकारी जुटाई गई। पूछताछ में उन्होंने अपना निवास थाना नगीना, जनपद बिजनौर बताया।

**जनगणना 2027** — जनगणना एप डिजी डॉट के जरिये हर घर को दी जाएगी एक यूनिक पहचान

# घर में चूल्हा बंटा तो अलग माना जाएगा परिवार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तकनीकी रूप से अधिक सटीक होगी जनगणना, गांवों के मजरों को ब्लॉक के रूप में बांटा जाएगा
- शहर में अपार्टमेंट को यूनिट स्तर पर किया जा रहा तय, तीन से चार अपार्टमेंट की होगी एक यूनिट

**अमृत विचार :** जनगणना 2027 की प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। इसके लिए प्रगणकों को प्रथम चरण में प्रशिक्षित किया जा रहा है। गाइडलाइंस के अनुसार यदि एक घर में चूल्हा बंटा तो अलग परिवार मानते हुए हर घर को यूनिक नंबर दिया जाएगा। जनगणना पूरी तरह से डिजिटल मोड में होगी। डिजी डॉट के जरिये हर घर को यूनिक पहचान दी जाएगी।

जनगणण के हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगी। इसमें भवनों की लिस्ट, निर्माण सामग्री, पेयजल, स्वच्छता, घरेलू संपत्ति, खाना पकाने का ईंधन आदि 33 मापदंडों पर डेटा एकत्र

### 33 बिंदुओं की पूछताछ कर एकत्र करेंगे डेटा

जनगणना के दौरान प्रगणक पहले चरण में (हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग) घर, परिवार, जीवन शैली, संपत्ति से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे। इसमें मुख्य रूप से मकान की स्थिति, शौचालय, पानी, बिजली, इंटरनेट, वाहन, परिवार के मुख्य अनाज से संबंधित जानकारियां शामिल होंगी।

किया जाएगा। घर के मुखिया का लिंग (पुरुष/महिला/ट्रांसजेंडर) भी दर्ज किया जाएगा। डिजिटल मोड में की जाने वाली जनगणना में स्व-गणना का भी प्राविधान है। इसके अलावा दूसरे चरण के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की जाति से संबंधित डेटा भी एकत्र किया जाएगा।

**जनगणना में महत्वपूर्ण :** चार्ज :ग्रामीण क्षेत्रों में तहसील और शहरी क्षेत्रों में नगर निगम-नगर पालिका, नगर पंचायत के क्षेत्र, जहां एक प्रभारी अधिकारी अपने क्षेत्र के भीतर गणना प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार बनाया गया है।

**नगरीय समूह :** एक सांविधिक नगर व उससे जुड़ा हुआ एक या एक से अधिक घटक जैसे नगर, जनगणना नगर, वाह्य विकास क्षेत्र

### जनगणना के लिए समय सीमा

**प्रथम चरण :** मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ)- इसमें मई-जून 2026 में 30 दिन

**द्वितीय चरण :** जनसंख्या और जाति की गणना 9 से 28 फरवरी 2027 (दोनों दिन शामिल), एक से पांच मार्च 2027 तक पुनरीक्षण

**स्लम क्षेत्र :** क्षेत्र अधिनियम के अन्तर्गत 1956 की धारा 3 में स्लम के अन्तर्गत वह क्षेत्र हैं जहां आवास जीर्ण- शीर्ण, दोषपूर्ण भवन डिजाइन, संकरी गलियां, भीड़, वातानुकूल की कमी, जल निकासी प्रणाली की कमी आदि के कारण जो मानव निवास के लिए अनुपयुक्त है।

**मकान सूचीकरण ब्लॉक (एचएलबी) :** जनगणना के फील्ड कार्य सबसे निचले प्रशासनिक स्तरों पर ग्रामीण क्षेत्रों में गांव और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड पर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक प्रगणक को एक या एक से अधिक गणना ब्लॉक (ईबी) सौंपे जाएंगे। इसमें 150-180 परिवारों या 650-800 की आबादी को कवर कर सकते हैं।

**प्रगणक :** प्रगणक वह जनगणना कर्मी होगा जो एक गणना ब्लॉक (ईबी) क्षेत्र के कार्य नजरी नक्शा बनाने, ड्राफ्ट संग्रह करने के लिए जिम्मेदार होगा।

**पर्यवेक्षक :** प्रगणक के काम का पर्यवेक्षण, डेटा की गुणवत्ता, सीमा निर्धारण आदि के लिए 6 प्रगणकों के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाता है।

# लेंसकार्ट शोरूम कर्मचारियों को लगाया तिलक, बांधा कलावा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आशियाना स्थित लेंसकार्ट कंपनी के शोरूम पर मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शोरूम के कर्मचारियों को भगवा तिलक लगाया और उनके हाथों में कलावा बांधा। साथ ही चेतावनी दी कि अगर कंपनी ने ये फैसला वापस नहीं लिया तो आंदोलन किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कंपनी की ओर से जारी एक गाइडलाइन में कर्मचारियों को तिलक, कलावा और बिंदी लगाने से मना किया गया है, जिसे उन्होंने भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था के खिलाफ बताया। बजरंग दल के महानगर संयोजक राजीव




लेंसकार्ट कर्मी को कलावा बांधते बजरंग दल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- तिलक-कलावा पर रोक वाली गाइडलाइन के खिलाफ प्रदर्शन
- निर्णय वापस न लेने पर बजरंग दल ने आंदोलन की दी चेतावनी

ठाकुर ने कहा कि लेंसकार्ट जैसी कंपनियों का यह रवैया स्वीकार्य नहीं है। भारत में रहकर परंपराओं पर रोक लगाना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि तिलक, कलावा और बिंदी सनातन धर्म के प्रतीक हैं और इन्हें रोकना धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रहार है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कंपनी ने यह निर्णय तुरंत वापस नहीं लिया, तो इसके खिलाफ व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। साथ ही प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर वरुण शर्मा, रोहित मदान, रजत ठाकुर, प्रमोद, दीपक, आदित्य, शुभम, राहुल, सचिन, रितिक, कुनाल, सोनू मौजूद रहे।

## शहर में आज

- प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा पौधारोपण एवं जागरूकता संगोष्ठी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र में सुबह 10 :00 बजे।
- कांठ रोड के समीप स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला सुबह 10 :30 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### मेरठ सिटी-सूबेदार गंज एक्सप्रेस का गुलावठी पर ठहराव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने गाड़ी संख्या 14164-14163 मेरठ सिटी-सूबेदार गंज-मेरठ सिटी संगम एक्सप्रेस का 24 अप्रैल से गुलावठी स्टेशन पर ठहराव किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि 24 अप्रैल को मेरठ सिटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 14164 मेरठ सिटी-सूबेदार गंज संगम एक्सप्रेस का ठहराव गुलावठी रेलवे स्टेशन पर रात में 20 :05 से 20 :07 बजे तक दो मिनट रहेगा। वापसी में भी यह ट्रेन गुलावठी स्टेशन पर नियमित रूप से रुक कर आगे बढ़ेगी।

### पीटीसी से जुड़े इलाकों में आज 6 घंटे गुल रहेगी बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीटीसी विद्युत उपकेंद्र पर बुधवार को शटडाउन लिया जाएगा। इसके चलते सुबह 10 से शाम चार बजे तक कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता विकास दीप ने बताया कि रखरखाव और अनुरक्षण कार्य किए जाएंगे। इसके कारण शटडाउन के दौरान 23वीं वाहिनी पीएसी, 24वीं वाहिनी पीएसी, आदर्श कॉलोनी, आकाश रेजिडेंसी, गांधी आश्रम, नवीन नगर, नया गांव और कांठ रोड किला तक के क्षेत्रों सहित आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति छह घंटे बाधित रहेगी।

### लाखों की चोरियों का अब तक नहीं हो सका खुलासा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जनपद में हुई दो बड़ी चोरी की घटनाओं का खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। सदर कोतवाली क्षेत्र में रेलवे कर्मचारी और कटघर थाना क्षेत्र में आर्मी के हवलदार के घर से लाखों रुपये का सामान चोरी होने के बाद भी पुलिस अभी तक चोरों का सुराग नहीं लगा सकी है। दोनों घटनाओं में चोरों ने बंद मकानों को निशाना बनाते हुए नगदी, जेवरात और कीमती सामान पार कर दिया था। घटना के कई दिन बाद भी पुलिस के हाथ अब तक ठोस सुराग नहीं लग सका है। इससे पीड़ित परिवारों में नाराजगी है और वे जल्द से जल्द खुलासे की मांग कर रहे हैं।

# कटघर में घर में लगी आग से मची अफरा तफरी

- टोरेंट गैस कंपनी की लापरवाही के प्रति भी लोगों में नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


घर में लगी आग से उठता धुंआ।

**अमृत विचार :** कटघर क्षेत्र में मछुआपुरा मोहल्ले के एक घर में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। लोगों के होश इसलिए भी उड़ गए कि पास से टोरेंट गैस की सप्लाई लाइन के गड्ढे खुले थे। मोहल्ले वालों ने किसी तरह उस पर काबू पाया।

कटघर क्षेत्र में मछुआपुरा मोहल्ले के रहने वाले फुटवियर विक्रेता अमित मेहरोत्रा के घर में मंगलवार को अचानक आग लगने पर धुंआ उठता देख लोग बचाव में जुट गए। लेकिन पास में से गुजर रही टोरेंट गैस की सप्लाई लाइन के अधखुले रहने और खुले गड्ढों से लोग दहशत में आ गए। लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। इस बीच पास पड़ोस के लोग भी आग बुझाने में जुट गए। आग पर किसी तरह लोगों ने काबू पा लिया। फायर बिग्रेड की गाड़ी को भी आने में मशक्कत करनी पड़ी। कांग्रेस नेता सुधीर पाठक ने बताया कि जिस मकान में आग लगी थी वहां पर टोरेंट गैस कम्पनी के द्वारा खोदी गई सड़कें छोड़ दी गई हैं, जिससे पाइप लाइन खुली है। इसकी तत्काल मरम्मत कराने के लिए शिकायत दर्ज कराई है।

## डीआईसीसीआई और एससी-एसटी हब ने उद्यमियों को व्यवसाय में आगे बढ़ने के दिए टिप्स

# उद्योग में सही रणनीति और नेटवर्किंग बेहद जरूरी

- कार्यशाला में उद्यमियों, स्टार्टअप संचालकों ने लिया हिस्सा
- सरकारी योजनाओं के जरिये बड़ी पहचान बना सकते छोटे उद्यमी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



दिल्ली रोड स्थित होटल में आयोजित कार्यशाला में सम्मानित पदाधिकारी।


कार्यालय में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित होटल में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) और एससी-एसटी हब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यशाला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों, स्टार्टअप संचालकों और युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को व्यापार के विस्तार, आधुनिक तकनीकों के उपयोग और प्रतिस्पर्धी बाजार में टिके रहने के गुर सिखाए। लीड बैंक मैनेजर पंकज शरण ने कहा कि सही रणनीति, नेटवर्किंग और सरकारी योजनाओं के उपयोग से छोटे उद्यम भी बड़ी पहचान बना सकते हैं। एससी-एसटी उद्यमियों के लिए ऋण, सब्सिडी और प्रशिक्षण योजनाएं उपलब्ध हैं। इनका लाभ लेकर नए उद्यमी कम लागत में कारोबार शुरू कर उसे आगे बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान नेटवर्किंग पर विशेष जोर दिया गया।

प्रतिभागियों ने एक-दूसरे से संवाद स्थापित कर नए व्यावसायिक संबंध बनाए और संभावित साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने एससी-एसटी वर्ग के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनाना है। डीआईसीसीआई के प्रदेशाध्यक्ष मनीष वर्मा ने कहा कि इस तरह की पहल से वंचित वर्गों को मुख्यधारा में आने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि डीआईसीसीआई उद्यमियों को बेहतर मंच और मार्गदर्शन देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यशाला में लखनऊ से विक्रम सुमन सहित जनपद के कई उद्यमियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर देव मणि सरोज, सुमन विक्रम, प्रवेश, निर्मलराज, अरविंद, प्रदीप, रोशनी शर्मा आदि मौजूद रहीं।

# दिन में सूखा गला, रात को सता रही गर्म हवा

## सड़कों पर अपेक्षाकृत कम दिखे राहगीर, लू के थपेड़ों ने किया परेशान, अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस

- शहर की सड़कों पर आम दिनों की अपेक्षा कम लोग नजर आ रहे
- चिकित्सकों का सुझाव, इस समय विशेष सतर्कता बरतना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


दोपहर में धूप में इस तरह बच्चे को लेकर निकली महिला। ● अमृत विचार


आंबेडकर पार्क के सामने बेल का जूस लेते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गर्मी का तेवर और तीखा हो गया है। दिन में चिलचिलाती धूप जहां लोगों का गला सुखा रही है, वहीं रात में भी गर्म हवा बेचैन कर रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दोपहर के समय शहर की सड़कों पर आम दिनों की अपेक्षा कम ही लोग नजर आए। जरूरी काम से निकलने अधिकांश लोग सिर पर कपड़ा, टोपी या छाता लेकर चलते दिखे। लू के थपेड़ों ने हालात ऐसे कर दिए हैं कि कुछ ही देर धूप में रहने पर गला सूखने लगता है और शरीर में थकान महसूस होने लगती है। प्रमुख बाजारों में भी ग्राहकों की भीड़ कम रही, जिससे व्यापार पर असर पड़ा।

शाम के समय भी गर्मी का असर कम नहीं हुआ। आमतौर पर रात में तापमान गिरने से कुछ राहत मिलती है, लेकिन इस बार रात में भी गर्म हवा चलने से लोगों को चैन नहीं मिल रहा। घरों में पंखे और कूलर भी पूरी राहत नहीं दे पा रहे हैं। लोग देर रात तक छतों और खुले स्थानों पर टहल कर समय काट रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह के मौसम में विशेष सतर्कता बरतना जरूरी है। शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन, चक्कर और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करना बेहद जरूरी है।


धूप से बचने के लिए चुन्नी ओढ़ती युवती।

### लू से बचाव के आसान उपाय

- दोपहर 12 से पांच बजे के बीच धूप में निकलने से बचें।
- पानी, शिकंजी, बेल और नारियल पानी का अधिक सेवन करें।
- हल्के और ढीले कपड़े पहनें।
- धूप में निकलते समय सिर और चेहरे को ढककर रखें।

### चुभती गर्मी में ठंडे पेय दे रहे राहत

- नारियल पानी, बेल शरबत, गन्ने का जूस और शिकंजी की बढ़ी मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच लोग राहत के लिए नारियल पानी, बेल का शरबत, गन्ने का जूस और शिकंजी जैसे प्राकृतिक पेयों का सहारा ले रहे हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक इन ठेलों और स्टॉलों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। गर्मी के चलते शरीर में पानी की कमी होना आम समस्या है, जिसे पूरा करने के लिए लोग इन पेयों को प्राथमिकता दे रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार, ये सभी पेय न केवल शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं बल्कि पानी की कमी को दूर करने के साथ-साथ विटामिन-सी और आयरन जैसे जरूरी पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं। खासकर बेल का शरबत और नारियल पानी शरीर को अंदर से ठंडा रखने में बेहद कारगर माने जाते हैं। कीमतों की बात करें तो गन्ने का जूस और शिकंजी करीब 20 रुपये प्रति गिलास में मिल रहे हैं, जबकि बेल का शरबत 20 से 30 रुपये प्रति गिलास तक बिक रहा है। वहीं पानी वाला नारियल करीब 70 रुपये में उपलब्ध है। बाजार में बेल फल की कीमत 70 से 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसके अलावा, गर्मी के मौसम में नए फलों की आमद भी लोगों को आकर्षित कर रही है। खासतौर पर आड़ू (पीच) की मांग बढ़ी है, जो 80 से 100 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है।

# नेक्स्ट जेनरेशन ने फाइनल में बनाई जगह

- गोविंद के शतक और कुशल की अर्धशतकीय पारी पड़ी भारी
- रुक्मणी अंडर-19 वन डे कप के सेमी फाइनल में 21 रन से हारे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोधीपुर स्थित रुक्मणी क्रिकेट अकादमी में चल रहे रुक्मणी अंडर-19 वन डे कप के तहत मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी और नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी आमने-सामने रहीं। टॉस जीतकर रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय उनके पक्ष में नहीं गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट खोकर 266 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से गोविंद सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 102 रन की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा कुशल ने 82 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। यश व्यास ने 30 और कासिम सैफी ने 25 रन का योगदान देकर टीम का स्कोर आगे बढ़ाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुक्मणी क्रिकेट अकादमी की शुरुआत ठीक रही, लेकिन मध्यक्रम में लगातार विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। पूरी टीम 38 ओवर में 245 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और मुकाबला 21 रन से गंवा बैठी। टीम के लिए मोहम्मद उस्मान ने सर्वाधिक 63 रन बनाए, जबकि कैफ ने 47 और हर्ष सिंह ने 43 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। इस जीत के साथ नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। अर्धशतकीय पारी खेलने के साथ टीम के लिए तीन विकेट लेने पर कुशल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।


कुशल को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देते कोच बदरुद्दीन। ● अमृत विचार

# पेंशनर्स को मिले 8वें वेतन आयोग का लाभ

- सेवानिवृत्त एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला शाखा ने प्रदर्शन कर भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते सेवानिवृत्त एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला शाखा ने मंगलवार को केंद्र सरकार से पेंशनर्स को 8वें वेतन आयोग का लाभ देने समेत अन्य मांगों के संबंध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया।

जिला संप्रेक्षक आमोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में पेंशनर्स ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। जिलाध्यक्ष यादराम सिंह ने कहा की आठवें वेतन आयोग के लागू होने की तिथि से पूर्व पेंशनरों की पेंशन का पुनरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा वित्त विधेयक 2025 में पेंशनर ऑन में तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाले अंश को हटाया जाए और आठवीं वेतन आयोग की सीमा में लाया जाए। जिला मंत्री ओमपाल सिंह ने कहा कर्मचारियों, पेंशनरों शिक्षकों के लिए अलग सीपीई बनाई जाए।

नीलम शर्मा ने कहा कि पूरा जीवन देश की सेवा में लगाने के बाद पेंशनरों को अब अपने हक के लिए जमीन पर उतरना पड़ रहा है। हमारी मांगों को सरकार को सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए। इस दौरान मंजू शर्मा, तेजपाल सिंह, जेएस भटनागर, एसपी सिंह, ओपी शर्मा, ओमवीर सिंह, सत्यदेव सिंह, सतवीर सिंह, देशराज सिंह, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिक्षित बेरोजगारों को समर्थ बना रहा सेवायोजन विभाग

- क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में आज लगेगा रोजगार मेला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शिक्षित व पंजीकृत बेरोजगारों को सेवायोजन विभाग विभिन्न कंपनियों व फर्मों में रोजगार दिलाकर समर्थ बना रहा है। कंपनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से शिक्षित बेरोजगारों को तकनीकी व गैर तकनीकी पदों पर योग्य पाए जाने पर नियोजित किया जाता है। इसमें सेवायोजन कार्यालय माध्यम बनता है।

सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के परिसर में 22 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें निजी क्षेत्र के नियोजक डिजाइनको द्वारा टेक्निकल और नॉन टेक्निकल पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी का पंजीयन rogjaarsangam.up.gov.in पर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। बिना पंजीकरण अभ्यर्थी भर्ती मेले में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अपना सम्पूर्ण बायोडाटा दो प्रतियों, समस्त मूल प्रमाण पत्र छायाप्रति दो सेट में व दो रंगीन फोटो सहित साथ लाना होगा।

# पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहे शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय में सांस्कृतिक महोत्सव कल्चर फेस्ट नवरंग में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में शिक्षा संकाय के कल्चर फेस्ट नवरंग का हुआ रंगारंग समापन

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय में सांस्कृतिक महोत्सव कल्चर फेस्ट नवरंग का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने 'कालचक्र' 'स्वतंत्रता संग्राम, शिव-शक्ति अद्वैत' देशभक्ति आधारित प्रस्तुतियां दी। पहाड़ी नृत्य से भारतीय संस्कृति, इतिहास और सामाजिक चेतना को जीवंत किया।

इससे पहले समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह, पैरामेडिकल के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा, एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. कल्पना जैन, फाइन आर्ट्स के प्रिंसिपल रविंद्र देव, शिक्षा संकाय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन आदि मौजूद रहे। रंगोली, मेहंदी, भाषण, वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट और कवि सम्मेलन जैसी प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों ने रचनात्मक सोच और कलात्मक प्रतिभा को नई पहचान दी। कवि सम्मेलन और काव्य गोष्ठी का विशेष आकर्षण रही। वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिता ने पर्यावरण संरक्षण और पुनर्चक्रण का संदेश दिया।

# स्मार्ट मीटर को लेकर किया जाएगा जागरूक

- बिजली कर्मी और कंपनी प्रतिनिधि मोहल्लों में जाकर देंगे जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




**अमृत विचार :** शहर में स्मार्ट और प्रीपेड मीटर को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए बिजली विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब स्मार्ट मीटर लगाने वाली टेलीकॉम कंपनी, विद्युत विभाग के साथ मिलकर उपकेंद्रों पर तैनात जेई और टीजी-2 कर्मचारियों के साथ गली-मोहल्लों में जाकर उपभोक्ताओं को जानकारी देगी।

इस अभियान के तहत लोगों को स्मार्ट और प्रीपेड मीटर के फायदे, बिलिंग प्रक्रिया और रिचार्ज सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। साथ ही उपभोक्ताओं की शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। बिजली विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर को लेकर जागरूकता बढ़ाना और भ्रम की स्थिति को दूर करना है, ताकि लोग नई व्यवस्था को आसानी से समझ सकें। जल्द ही यह अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शुरू किया जाएगा, जहां टीम घर-घर जाकर लोगों से संवाद करेगी।

बदलाव

## रील्स बन रहीं फैशन गाइड, कश्मीरी, ट्रांसपेरेंट और प्रिंटेड बैंगल्स की बढ़ी मांग

# रील्स ने बदला चूड़ियों की खरीदारी का अंदाज

- युवतियां मोबाइल पर डिजाइन दिखाकर कर रहीं खरीदारी
- आउटफिट के साथ मैचिंग एक्सेसरी को दे रहीं प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


बाजार में रखे डिजाइनर कंगन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही रील्स का असर अब शहर के बाजारों में भी साफ दिखाई दे रहा है। खासकर चूड़ियों और कंगनों के ट्रेंड में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। चौमुखापुल, टाउनहॉल, मंडी चौक और चूड़ी बाजार में इन दिनों युवतियां मोबाइल फोन में रील्स दिखाकर अपनी पसंद के डिजाइन की चूड़ियां खरीद रही हैं।

बाजार में कश्मीरी, जेली, ट्रांसपेरेंट, पर्ल स्टोन और प्रिंटेड बैंगल्स की मांग तेजी से बढ़ी है। पारंपरिक चूड़ियों की जगह अब नए स्टाइल और डिजाइन ने ले ली है। गोल्डन लाइनिंग, क्लियर प्लेन ग्लास और आकर्षक प्रिंटेड पैटर्न वाली चूड़ियां युवतियों को खासा आकर्षित कर रही हैं। चौमुखापुल स्थित चूड़ी विक्रेता वंश वार्ष्णेय बताते हैं कि उनकी दुकान पर रोजाना 30 से 40 ग्राहक ऐसे आ रहे हैं, जो खासतौर पर कश्मीरी और ट्रांसपेरेंट चूड़ियों की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सोशल मीडिया के चलते ग्राहक पहले से तय डिजाइन लेकर आते हैं, जिससे खरीदारी का तरीका भी बदल गया है।

मंडी चौक के विक्रेता नितिन गुप्ता के अनुसार शादी-विवाह और अन्य आयोजनों के लिए जेली और रेशम की हल्की चूड़ियां सबसे ज्यादा पसंद की जा रही हैं। ये चूड़ियां न सिर्फ स्टाइलिश दिखती हैं, बल्कि पहनने में भी आरामदायक होती हैं। आज की युवतियां अपने आउटफिट के साथ मैचिंग एक्सेसरी को प्राथमिकता दे रही हैं। यही वजह है कि बाजार में अब हर रंग और डिजाइन की चूड़ियां आसानी से उपलब्ध हैं।

### बदला महिलाओं की खरीदारी का तरीका

पहले जहां महिलाएं दुकानदार की सलाह पर चूड़ियां चुनती थीं, वहीं अब वे सोशल मीडिया से प्रभावित होकर खुद डिजाइन तय कर रही हैं। इससे दुकानदारों को भी नए ट्रेंड के अनुसार स्टॉक रखना पड़ रहा है। दुकानदारों के अनुसार भारी पारंपरिक चूड़ियों की जगह अब हल्की, ट्रेंडी और कंफर्टेबल डिजाइन ने ले ली है। जेली, ट्रांसपेरेंट और प्रिंटेड बैंगल्स युवतियों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं।

# आंधी के चार दिन बाद भी बिजली संकट बरकरार

- कुंदरकी, बिलारी, ठाकुरद्वारा के लगभग 50 गांवों में चार दिन से नहीं सुधरी बिजली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में आई तेज आंधी के चार दिन बाद भी बिजली व्यवस्था पूरी तरह से पटरी पर नहीं लौटी है। कुंदरकी, बिलारी और ठाकुरद्वारा क्षेत्र में टूटे बिजली पोल और क्षतिग्रस्त लाइनों के कारण अब तक करीब 50 गांवों की बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है। ग्रामीणों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दिन में केवल एक से डेढ़ घंटे ही बिजली मिल रही है।

भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। बिजली न होने से पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, जिससे पेयजल संकट गहराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। वहीं, महानगर क्षेत्र में भी हालात संतोषजनक नहीं हैं। यहां स्मार्ट मीटर व्यवस्था ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। करीब 25 प्रतिशत उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिल भुगतान करने के बावजूद कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। इससे लोगों की रात की नींद और दिन का सुकून दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर में तकनीकी गड़बड़ियों के चलते बार-बार बिजली कट रही है और शिकायतों का समाधान समय पर नहीं हो रहा है। मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि आंधी से क्षतिग्रस्त पोल और लाइनों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# सड़क दुर्घटना में चाचा की मौत, भतीजा गंभीर घायल

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ठाकुरद्वारा के सरकारी अस्पताल में पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होने आए चाचा भतीजे की बाइक में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में चाचा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि भतीजा घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर कर दिया।

जनपद बिजनौर के गांव जहानाबाद निवासी विनीत पुत्र सूरजभान व चाचा नवनीत पुत्र ऋषिपाल एक दिन पूर्व थाना ठाकुरद्वारा की पुलिस चौकी सुरजन नगर के गांव टांडा अफजल निवासी अजय कुमार की बेटी की शादी में शामिल होने आए थे। मंगलवार की शाम 5:00 बजे बाइक से किसी काम के लिए निकले दूल्हा पुर मडच्यो मार्ग के पास पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में नवनीत(25) की मौके पर मौत हो गई जबकि विनीत गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से तत्काल दोनों को उपचार के लिए ठाकुर द्वारा भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने नवनीत को मृत घोषित कर दिया। विनीत का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रिश्तेदारों से पूछताछ कर सूचना भेजी तो घर में कोहराम मच गया। शादी वाले घर में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए कार्रवाई शुरू कर दी।

● बिजनौर से विवाह समारोह में शामिल होने आए थे दोनों

# कोर्ट से स्टे फिर भी तोड़फोड़, उठे सवाल

**ठाकुरद्वारा,अमृत विचार :** नगर पालिका की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। मामला गाटा संख्या 18, चलचित्र ढाल स्थित एक विवादित जमीन का है, जिस पर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मुरादाबाद द्वारा 12 सितंबर 2025 को स्टे आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद नगर पालिका के चेयरमैन और अधिशाषी अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने अतिक्रमण हटाने के नाम पर जबरन तोड़फोड़ की।

जमीन के मालिक मुमताज आलम सैफी (एडवोकेट) का कहना है कि उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कोर्ट के आदेश की जानकारी दी और कार्रवाई को कोर्ट की अवमानना बताया, लेकिन इसके बावजूद काम नहीं रोका गया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका ने सिर्फ इसी जमीन को निशाना बनाया, जिससे निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शिकायत करने पर एसडीएम ने भी नाराजगी जताई।

# गर्भवती से छेड़छाड़, विरोध पर घर में घुसकर मारपीट

संवाददाता, कुंदरकी

● मां की तहरीर पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज
● बीच बचाव करने पर मां को भी पीटकर किया घायल

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम ढकिया जुम्मा में एक 6 माह की गर्भवती से छेड़छाड़ और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। मां की तहरीर पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

20 अप्रैल की शाम पीड़िता के घर छठी का कार्यक्रम चल रहा था और मेहमान आए हुए थे। इसी दौरान गर्भवती घर लौट रही थी। गांव निवासी मोहम्मद आलम पुत्र फिद्दन ने उसे गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने प मारपीट की। किसी तरह पीड़िता घर पहुंची। आरोप है कि कुछ देर बाद मोहम्मद आलम साथियों भूरा, सरवर, आरिश, ओवैस और अजीम को लेकर घर पहुंच गया। सभी आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मोहम्मद आलम ने बेटी को गिराकर उसके पेट पर लात-डंडों से वार किए और गर्भ गिराने का प्रयास किया।

पुत्रवधू जिसने चार दिन पहले ही बच्चे को जन्म दिया था, उसके साथ भी बेरहमी से मारपीट की और नवजात शिशु को एक तरफ फेंक दिया। मां ने बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। शोर मचाने पर सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता की मां अपनी घायल पुत्री और पुत्रवधू को लेकर कुंदरकी थाने पहुंची, जहां पुलिस ने मामला दर्ज कर घायल युवती का मेडिकल परीक्षण कराया। गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# महापुरुषों के नाम से बने द्वारों से छूट कर गिर रहीं टाइल्स

**कांठ,अमृत विचार:** नगर में नगर पंचायत की ओर से महापुरुषों के नाम पर बनाए गए विशाल द्वारों में से कई की टाइल्स टूट कर गिरने लगी हैं। जिससे यात्री एवं व्यापारी कई बार बच चुके हैं।

नगर में तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष नसरीन इकबाल ने लगभग 18 वर्ष पूर्व लगभग 20 से 25 लाख रुपये की लागत से नगर में देश के महापुरुषों के नाम से लगभग 8 मुख्य द्वार बनाए थे। यह द्वार नगर के निकासी मार्ग पर ग्राम मौढ़ी हजरतपुर, रहबरेआम इंटर कॉलेज, मुर्गा मार्केट, गुरुद्वारा, एचपी गैस एजेंसी के समीप, थाना रोड, पुरानी तहसील के समीप तहसील रोड पर बनाए गए थे।

अनेक मुख्य द्वारों पर स्थित लगभग 25 फीट ऊंचे द्वारों से टाइल्स छूटकर गिर रही है। कुंवर जितेंद्र प्रताप द्वार पर टाइल्स गिरने पर गेट के समीप स्थित कुछ व्यापारियों ने पूर्व में विरोध प्रदर्शन भी किया था। वहीं भीमराव आंबेडकर लिखे गए द्वार से भीमराव नाम की लिखी टाइल्स छूटकर गिर चुकी है।

# नकली दस्तावेज़ से 38 लाख में मकान बेचने का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** गरी एक्सटेंशन दक्षिण दिल्ली निवासी एक व्यक्ति के साथ लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित सुलेमान पुत्र उस्मान ने बताया कि उसे ग्राम नयागांव अकबरपुर चौधरी निवासी कुछ व्यक्तियों ने फोन कर एक मकान दिखाने के लिए बुलाया। मकान पसंद आने पर 38 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। उसने 8,02,000 रुपये नकद और 1,98,000 रुपये ऑनलाइन भुगतान कर दिया, लेकिन बाद में आरोपी बैनामा कराने से मुकर गए। जांच करने पर पता चला कि मकान किसी नासिर नामक व्यक्ति का है, जबकि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान का सौदा किया। आरोपियों ने मिलीभगत कर उक्त संपत्ति का एक अन्य रजिस्टर्ड एग्रीमेंट 13 नवंबर 2025 को अन्य व्यक्तियों के नाम कर दिया और उसकी रकम भी वापस नहीं की। पीड़ित का कहना है कि आरोपी गिरोह बनाकर फर्जी जमीन और मकान दिखाकर लोगों को ठगते हैं। उसने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने व रकम ब्याज सहित वापस दिलाने की मांग की है।

# भाजपा नेता की सड़क दुर्घटना में मौत से शोक

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कांठ एवं कर्मठ समाजसेवी राजपाल सिंह प्रजापति के सड़क दुर्घटना में निधन से नगर में शोक है।


राजपाल सिंह।

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कांठ दबे, कुचले, पिछड़े लोगों को न्याय दिलाने के लिए तत्पर रहते थे। अंतिम दर्शन के लिए भाजपा एवं प्रत्येक धर्म व जाति के लोग उनके आवास पर उमड़े। अपने पीछे वह पुत्र कृष्ण अवतार, विष्णु अवतार, सौरभ कुमार, एक बेटी व परिवार को रोता बिखलता छोड़ गए हैं। उनके अंतिम संस्कार में ओमप्रकाश गोला (माटी कला बोर्ड अध्यक्ष उत्तर प्रदेश) भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल, कुंवर सुरेंद्र सिंह,पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू,वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई (उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग) राजन बिश्नोई, देवराज सिंह जाटव, कांठ मंडल अध्यक्ष अंकुश कुमार चौहान, रिजवान अल्वी (जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा) सत्यवान सिंह राजपूत, अभय बिश्नोई, मोनू बिश्नोई बजरंगी, विकास शर्मा, सूरज सिंह, चकित चौधरी, मधु चौहान, प्रमोद चौहान, देवेंद्र चौहान, अनुज विश्नोई आदि भाजपा नेता में सम्मिलित हुए।

# मीट के दामों में उछाल, लोग परेशान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में मीट के दामों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। बाजार में भैंस का मीट अब करीब 380 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है, जिससे आम और मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मीट विक्रेता मर्जी से रेट तय कर रहे हैं। अधिकांश दुकानों पर रेट लिस्ट का अभाव है, जिसके चलते ग्राहकों को मजबूरी में ऊंचे दाम चुकाने पड़ रहे हैं। कई स्थानों पर दाम को लेकर ग्राहकों और दुकानदारों के बीच कहासुनी की स्थिति भी बन रही है। जानकारों के अनुसार क्षेत्र में मीट सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित नहीं है, जिससे कीमतों में पारदर्शिता नहीं रह गई है। नागरिकों ने प्रशासन से दाम निर्धारित कर सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# आक्रोशित महिलाओं ने बिजली घर घेरा

संवाददाता, कुंदरकी


एसडीओ को समस्या बतातीं क्षेत्रीय उपभोक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिना बताए स्मार्ट मीटर लगे और पोस्टपेड से प्रीपेड मोड में बदल दिया। यह आरोप लगाते हुए मंगलवार को महिलाओं ने बिजली घर और एसडीओ कार्यालय पर धावा बोल दिया। हंगामे को देखकर विद्युत कर्मी सहम गए। महिलाओं ने रोड जाम कर दिया। पुलिस को बुलाकर किसी तरह शांत कराया गया। एसडीओ अनिल सिंह ने तकनीकी खराबी दूर करने का भरोसा दिलाया।

काजीपुरा निवासी प्रीति, रेनू, राधा, मुन्नी, रूबी, मीना, भूरी, अनीता, राजकुमारी, माया देवी, बंटी देवी, कमलेश, विमला, केश्वती, रेखा, वीरवती, संतोष ने प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई कि बिना मर्जी स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। उन्हें हटाकर पुराना पोस्टपेड मीटर लगाया जाए। आरोप है कि बिल दोगुना, दिन-रात बिना चेतावनी के लाइट कटना और पैसे जमा करने पर भी बत्ती गुल हो रही है। कमालपुर के मोहम्मद हसन ने कहा कि बिना बताए मीटर बदल दिया।नगर के फरमान ने कहा कि 20 दिन पहले 4250 रुपये जमा किए फिर भी बीस दिनों से लाइट नहीं मिल रही है। अतीक को 7 महीने में 27,000 का बिल, लादूपुरा की नजमा को 1 अप्रैल को 1091 जमा करने के 4 दिन बाद 6212 का बिल, कन्हैया के 144 रुपये एक्स्ट्रा जमा होने पर भी कनेक्शन बंद कर दिया गया। एसडीओ अनिल सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र ले लिए है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि समस्या न सुलझी तो आंदोलन तेज होगा।

● स्मार्ट मीटर पोस्टपेड से प्रीपेड मोड में बदलने पर भड़कीं

# टीबी जांच कैंप में 86 लोगों की स्क्रीनिंग और चेस्ट एक्सरे

**कांठ, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर विश्नोई व गोपालपुर नत्था नंगला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी (क्षय रोग) की रोकथाम एवं समय पर पहचान के उद्देश्य से विशेष जांच कैंप का आयोजन किया गया।

ग्राम फत्तेपुर विश्नोई व गोपालपुर नत्था नंगला में आयोजित कैम्प में 37 महिलाओं व 49 पुरुषों सहित कुल 86 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनके चेस्ट एक्स-रे भी कराए गए। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लक्षणों, संक्रमण से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अपील की गई कि यदि किसी को लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसी समस्या हो तो तुरंत जांच कराएं, ताकि बीमारी का समय रहते उपचार किया जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि कैंपों का उद्देश्य बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाना है। कैंप में डॉ. जगवीर सिंह, प्रदीप, निहाल खान, नितेश ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जांच कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित

संवाददाता, कांठ

● सुदेश बिश्नोई बने मीडिया प्रभारी अमित को सांस्कृतिक व संस्कृत सप्ताह की जिम्मेदारी

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद, रुहेलखंड पश्चिम विकास रत्न प्रांत की वर्ष 2026-27 के लिए नई प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। विभिन्न दायित्वों के साथ संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सुदेश बिश्नोई को लगातार तीसरी बार प्रांतीय मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।


सुदेश बिश्नोई।

घोषित कार्यकारिणी में एसके दीक्षित को गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन का प्रांतीय संयोजक, दुर्गा टंडन को समूह गान, दीपक पुंडीर को भारत को जानो, सीए सजल अग्रवाल को एकाउंट, वित्त एवं ऑडिट, सरदार गुरुप्रीत सिंह को बलिदान दिवस, अमित चावला को युवा भागीदारी, उमेश कुमार रस्तोगी को सूरज प्रकाश जयंती, अमित गुप्ता को सांस्कृतिक कार्यक्रम व संस्कृत सप्ताह, अजय चतुर्वेदी को दिव्यांग सहायता, डॉ. मनोज अग्रवाल को स्वास्थ्य चिकित्सा एवं नेत्रदान बनवारी लाल तोदी को रक्तदान प्रभारी, अनीता वैश्य को सामूहिक सरल विवाह की जिम्मेदारी तो क्षमा गोयल को चिकित्सा शिविर प्रभारी, संजीव आकांक्षी को स्थापना दिवस प्रभारी, अशोक बिश्नोई को पर्यावरण व जल संरक्षण, प्रलभ अग्रवाल को खेलकूद, अंकित अग्रवाल को स्थायी प्रकल्प, नमन जैन को कॉर्पस फंड, वर्षा अग्रवाल को बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ तथा डॉ. आनंद सिंह को सह-प्रांतीय मीडिया प्रभारी बनाया गया है। सुदेश बिश्नोई ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# ट्रांसपोर्टर पर फायरिंग मामले में गिरफ्तारी को टीम गठित

**भगतपुर, अमृत विचार:** ग्राम सिरस्वां हरचंद में रविवार रात ट्रांसपोर्टर राजेश कुमार पर हुई फायरिंग मामले में नामजद सात आरोपियों में से एक आकाश कुमार को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शेष आरोपियों की तलाश में दो टीमों का गठन किया गया है।

रविवार की रात सिरस्वां हरचंद के चौराहे पर बाइक से घर लौट रहे राजेश कुमार पर हमलावरों ने फायरिंग कर दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज मुरादाबाद के अस्पताल में चल रहा है।

डायल 112 पुलिसकर्मियों ने भाग रहे एक आरोपी आकाश कुमार को पकड़ लिया था। राजेश कुमार की तहरीर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख पूरन सिंह, उनके पुत्र आकाश यादव एवं विशाल यादव, अमित यादव, राजेंद्र सिंह, सुनील यादव और दुष्यंत यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा के अनुसार, बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें का गठन किया गया है।

# विचार गोष्ठी में 'अभिनव रामायण' पर हुई चर्चा

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर स्थित श्री राम गायत्री ज्ञान मंदिर के संस्थापक, वरिष्ठ अधिवक्ता और प्रख्यात साहित्यकार स्व. रामकुमार गुप्ता की 13वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को नगर में श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में वक्ताओं ने स्व. गुप्ता के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी लेखनी से समाज की पीड़ा और समस्याओं को अपनी रचनाओं में व्यक्त किया। उनकी प्रसिद्ध कृतियों जैसे अवला भारती, किसान भारती, वाणिज्य भारती, सिसकता हिमालय, दहकता कश्मीर और अभिनव रामायण पर चर्चा हुई। इस दौरान उनकी कविताओं का काव्य पाठ भी किया गया।

बस स्टैंड पर पक्षियों के लिए दाना डाला गया और पानी के बर्तन रखे गए। लोगों को मुफ्त साहित्य भी बांटा गया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. गुप्ता ने जीवन भर सामाजिक समरसता, संस्कृति और प्रकृति के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने हमेशा धर्म-जाति से ऊपर उठकर मानवता को ही सर्वोपरि माना। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से राजकुमार गांधी, शिवेन्द्र बन्धु गुप्ता, भारत सिंह, मोनिका अग्रवाल, सुनील पूठिया और अनुज शर्मा सहित तमाम गणमान्य नागरिक व साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।


तहसील बस स्टैंड पर पक्षियों के लिए पानी ब दाना डालते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

सूचना
मेरे पुत्र का नाम मौहम्मद उस्मान MOHAMMAD USMAN था। अब बदलकर मौ उस्मान MOHD USMAN कर दिया है। भविष्य में मौ उस्मान MOHD USMAN नाम से ही जाना पहचाना जाए। मौ जावेद MOHD JAVED पुत्र मौ शमीम MOHD SHAMEEM निवासी दीपा सराय तहसील व जिला संभल

नाम परिवर्तन
मेरी पासपोर्ट संख्या B2197111 में मेरा नाम SURJEET SINGH दर्ज हो गया है, जोकि गलत है। मेरा सही नाम SURJIT SINGH पुत्र महेंद्र सिंह नि. ग्राम चकफेरी तह बिलासपुर रामपुर है। मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना
मैंने अपने पुत्र शाहनवाज़ व उसकी पत्नी श्रीमती अशिया व उनकी दोनों पुत्रियों अदीवा व अनविया को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। श्रीमती नूरजहाँ पत्नी स्व. श्री अनवार हुसैन निवासी करूला इस्लामनगर गली नं. ए-2, मोती मस्जिद के पास तहसील व जिला मुरादाबाद।

गैस किल्लत | होटल-ढाबा वालों ने अपनाई पुरानी तकनीक, चाय दुकानदार भी इसी राह पर

# कॉमर्शियल सिलेंडर मिल नहीं रहा, भट्टी पर कारोबार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



कोयले की भट्टी काम करते कारीगर।



होटल संचालक लकड़ी में कोयले की भट्टी बनाता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी के चलते होटल एवं ढाबा संचालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस उपलब्ध न होने पर कई संचालकों ने पुरानी तकनीकी अपनाते हुए कोयल पर लकड़ी की भट्टी निकालकर उनकी मरम्मत कर दोबारा उपयोग में लाना शुरू कर दिया है।

होटल संचालक संजीव कश्यप ने बताया बताया कि सरकार ने वर्षों पूर्व राशन कार्ड पर मिलने वाले मिट्टी का तेल बंद कर दिया था। लाख कोशिश के बाद भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, अचानक रसोई गैस की किल्लत के चलते अपना रोजगार चलाने के लिए लकड़ी उपले कन्डों वाली पुरानी अंगीठी व कबाड़ में फेंके गए स्टोव की जरूरत पड़ने पर मजबूरी में स्टोव के टैंक में डीजल डालकर उसे जलाने का प्रयास कर रहे हैं।

स्थिति यह है कि स्टोव की नोज में लगने वाली पिन वह हवा भरने वाली वाल तक ढूंढे से नहीं मिल पा रही है। स्टोव को जलाने के लिए हवा का दबाव (कंप्रेसर) पंप से दिए जाने के बाद ही स्टोप जलता है। लेकिन डीजल से स्टोप लाख कोशिशें के बाद भी नहीं जल रहे हैं।

होटल संचालक रामपाल, सजीव कश्यप व मदन सिंह का कहना है कि स्थिति यह है की कॉमर्शियल सिलेंडर की किताब होने के बावजूद भी कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में कोयले व लकड़ी की भट्टी बनाकर खाना बनाने का काम शुरू किया है। कहते हैं कि जल्द कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिले तो कारोबार बंद करना पड़ेगा।

# पालिका ने चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** नगरपालिका ने नगर में सुरजन नगर रोड के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

अधिशासी अधिकारी रंजनी सिंह ने बताया कि नगर में बाबू रामपाल सिंह द्वार से तिकोनिया बस स्टैंड पर दोनों तरफ अतिक्रमण की शिकायत मिल रही थी। इससे प्रति दिन जाम लगता था। इसी से निजात दिलाने को सोमवार को अभियान चलाया गया। टीम ने तिकोनिया बस स्टैंड, चलचित्र ढाल व बाबू रामपाल सिंह द्वार पर शिकंजा कसते हुए अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान पालिका टीम और अतिक्रमण कारियो के बीच तींखी नोंक झोंक भी हुई, लेकिन अभियान जारी रहा। टीम में प्रधान लिपिक विजयपाल सिंह, लिपिक सतीश शर्मा, सफाई नायक राजेश कुमार शामिल रहे।

चौधरी जमना दास इण्टर कालेज माटखेड़ा, स्वार जिला रामपुर
प्रबन्ध समिति चुनाव कार्यक्रम
1. चुनाव की तिथि-27/04/2026 दिन-सोमवार
2. चुनाव का स्थान-राजकीय बाकर इण्टर कालेज रामपुर
3. पद (जिन पर चुनाव होना है)-अध्यक्ष (1) उपाध्यक्ष (1), प्रबन्धक (1), उप प्रबन्धक (1), कोषाध्यक्ष (1), सदस्य (7), कुल पद-12
4. नामांकन पद भरना-प्रात: 8:00 बजे से 10:00 बजे तक।
5. नामांकन पत्रों की जांच प्रात: 10:00 बजे से 11:00 बजे तक।
6. नाम वापसी-प्रात: 11:00 बजे से 11:30 बजे तक।
7. मतदान-(यदि आवश्यक हुआ) अपरान्ह 12:00 बजे से 3:00 बजे तक।
8. परिणाम-मतगणना के तत्काल बाद
9. चुनाव अधिकारी-श्री सुरेन्द्र सिंह (प्रधानाचार्य) इण्टर कालेज नवाबगंज, बिलासपुर (रामपुर)
प्रधानाचार्य/चुनाव अधिकारी
इ.का. नवाबगंज, बिलासपुर (रामपुर)

## न्यूज ब्रीफ

### एसपी ने कार्यालय में सुनीं जनसमस्याएं



**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने प्रतिदिन की भांति कलेक्ट्रेट स्थित पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुना। प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओं को समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया रहा है। जिले के सभी थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों को इसमें लापरवाही ना करने के निर्देश दिए हैं।

### पुलिस लाइन में किया परेड का निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चेक किया। पुलिस लाइन परिसर स्थित भोजनालय, रीडिंग रूम, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

### शांति भंग के आरोप में दो गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुए विवाद के मामलों में पुलिस ने दो व्यक्तियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतुपुरा के मोहल्ला मोहनपुरी निवासी विशाल कुमार का मोहल्ले के ही वीर सिंह के साथ घर के बाहर झाड़ू लगाने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विशाल कुमार को हिरासत में ले लिया। वहीं, दूसरे मामले में गांव दूल्हापुर सबलपुर निवासी फैसल के खिलाफ एक महिला द्वारा शिकायत दी गई थी। जांच के दौरान फैसल महिला के साथ मारपीट पर उतारू हो गया, जिस पर पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों का चालान कर कोर्ट में पेश किया।

# मजार ध्वस्तीकरण पर जताया विरोध

## पूर्व विधायक संजय कपूर बोले- विशारदनगर में खतौनी में दर्ज है शाह बाबा की मजार शरीफ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



विशारदनगर में मौके पर मौजूद कांग्रेसी और उलमा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कांग्रेसियों ने विशारद नगर स्थित शाह बाबा की 200 वर्ष पुरानी मजार शरीफ को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण बताते हुए ध्वस्त कराने पर आक्रोश जताया है। मजार हिन्दू-मुस्लिम समुदायों की आस्था का केंद्र था, जिसे ध्वस्त करा दिया गया है। पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि शाह बाबा की मजार खतौनी में दर्ज है। इसलिए मजार को अतिक्रमण बताकर करना न्यायोचित नहीं है। मामले में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बिलासपुर को जांच के आदेश दिए हैं।

संजय कपूर ने बताया कि रामपुर की पहचान हिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब से है, ऐसे में किसी भी कार्रवाई से पहले दोनों समुदायों को विश्वास में लेना आवश्यक था। उन्होंने जिलाधिकारी से वार्ता कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। पूर्व विधायक ने कहा कि यह धार्मिक स्थल खतौनी में दर्ज हैं, इसलिए इन्हें अवैध बताना उचित

- डीएम ने एसडीएम बिलासपुर को दिए जांच के आदेश

नहीं है। उन्होंने जिलाधिकारी से वार्ता कर निष्पक्ष जांच की मांग की और जिलाधिकारी उपजिलाधिकारी बिलासपुर को मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित ने कहा कि जल्दीबाजी में की गई कार्रवाई से हिन्दू-मुसलमान दोनों की भावनाएं आहत हुई हैं। जिसे संवेदनशीलता और संवाद के माध्यम से टाला जा सकता था। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

भविष्य में किसी भी कदम से पहले सामाजिक संतुलन और जनभावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही सभी नागरिकों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है। इस मौके पर शहर इमाम नासिर खां, शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, साहिर रजा खां, नोमान मुमताज खां, सरदार गुरवाज सिंह, कलाम डॉ. जफर रवि टंडन, शानू खां, जयदीप द्विवेदी, शाहनवाज, अमीर हसन आदि उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन भी अलर्ट रहा प्रशासन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर में रामपुर मार्ग चौड़ीकरण के रास्ते में आने वाले दो ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किए जाने के बाद नगर में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर कार्रवाई के दूसरे दिन भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी है और प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया। लोक निर्माण विभाग की इस परियोजना के तहत सोमवार तड़के करीब चार बजे प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य चौराहे और केमरी तिराहे के पास स्थित दो ऐतिहासिक दरगाहों हजरत सादिक शाह मियां और हजरत साहू शाह मियां को जमींदोज कर दिया गया था। कार्रवाई के समय हाईवे पर आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई थी और मलबे को तुरंत डंपरों के जरिए साफ कराया गया था। प्रशासन के अनुसार इस कार्रवाई का उद्देश्य हाईवे को चौड़ा करना है। विभाग ने पहले ही इन निर्माणों को चिन्हांकित कर लाल निशान लगा दिए थे। नगर के सघन क्षेत्रों में ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए सड़क को चौड़ा करना अनिवार्य बताया जा रहा है। मंगलवार को भी प्रशासन अलर्ट नजर आया। ध्वस्त स्थलों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रही।

### कार्रवाई केवल दो ही स्थानों पर क्यों

इस कार्रवाई के बाद स्थानीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने कड़ी निंदा व्यक्त की है। उन्होंने कहा लाल निशान तक अन्य भवनों पर भी लगाए गए थे, फिर कार्रवाई केवल दो ही स्थानों पर क्यों की गई। अन्य चिन्हित स्थानों पर प्रशासन कब बुल्डोजर चलाएगा। कोतवाल जीत सिंह ने बताया कि नगर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में और शांतिपूर्ण है। पुलिस सोशल मीडिया और अफवाहों पर पैनी नजर रख रही है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना पुलिस का मूल उद्देश्य है।

# नगर पंचायत की जमीन पर बना मकान ढहाया, मलबा भी जब्त



अवैध निर्माण तोड़ने के दौरान मौजूद टीम व अन्य लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, मसवासी

- कार्रवाई के बाद मौके पर पड़े मलबे को भी जब्त कर लिया

**अमृत विचार:** तहसील प्रशासन और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत की जमीन पर बने एक मकान को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के बाद मौके पर पड़े मलबे को भी जब्त कर लिया गया।

मोहल्ला भूबरा में नगर पंचायत की नवीन परती भूमि पर अवैध रूप से मकान निर्माण किया गया था। इस मामले में मकान स्वामी मोहम्मद रफी को कुछ दिन पहले ही नोटिस जारी कर निर्माण हटाने और मकान खाली करने के निर्देश दिए गए थे। मंगलवार को नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल और नगर पंचायत प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और नोटिस के अनुपालन में निर्माण को जेसीबी से गिरवा दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। अधिशासी अधिकारी आशुतोष कुमार ने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# एसडीएम के आश्वासन पर वकीलों की हड़ताल खत्म



एसडीएम से बात करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** तहसील मिलक बार एसोसिएशन सभागार में मंगलवार को एक आम सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अधिवक्ताओं के द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार एवं प्राइवेट कर्मचारी के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल चल रही थी। जिसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार एवं महासचिव रमेश चंद्र एवं अन्य अधिवक्ताओं ने समस्याओं से उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह को अवगत कराया। उप जिलाधिकारी ने समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार ने आश्वासन मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की समाप्ति की घोषणा की। इस दौरान विवेक गंगवार, महेंद्र प्रकाश अग्रवाल, देवेंद्र कुमार गंगवार, देशबीर सिंह गंगवार, अर्जुन सिंह गंगवार, धर्मेंद्र सक्सेना , राकेश चंद्र गंगवार श्रीराम राठौर, प्रेमपाल गंगवार सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना में पंजीकरण कराएं दिव्यांग

**रामपुर, अमृत विचार:** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत दिव्यांग लाभ उठा सकते हैं। ऐसे दिव्यांग जिनका विवाह वर्ष 2025-26 और 2026-27 में हुआ हो, वो आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे दम्पत्ति जिनमें केवल पति दिव्यांग है, उन्हें 15,000, केवल पत्नी दिव्यांग है तो 20,000 का लाभ मिलेगा।

जबकि पति और पत्नी दोनों दिव्यांग हैं तो 35,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि एकमुश्त उनके संयुक्त बैंक खाते में भेजी जाती है। इच्छुक दिव्यांग वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी और सभी संलग्नक प्रपत्रों सहित विकास भवन में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे।

# क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाएं, किसानों ने जताई नाराजगी



बिलासपुर की नवीन मंडी में क्रय केंद्रों का निरीक्षण करते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता बिलासपुर

- गेहूं खरीद मूल्य 4,000 रुपये प्रति क्विंटल की मांग उठाई

**अमृत विचार:** मंगलवार को भाकियू अंबावता के पदाधिकारियों ने नवीन मंडी में क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। धीमी तौल और सुविधाओं का अभाव मिलने पर नाराजगी व्यक्त की।

संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में कार्यकर्ता नवीन मंडी पहुंचे। वहां सभी गेहूं खरीद केंद्रों का जायजा लिया।

अधिकांश केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने या पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं मिली। कुछ तौल कांटों पर गेहूं की तौल भी धीमी मिली, जिस पर कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई। किसान नेताओं ने सभी प्रभारियों से किसानों के प्रति उचित रवैया रखने और समय पर गेहूं की तौल सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा कि इस बार बेमौसम आंधी और बारिश के कारण गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। पिछले साल की तुलना में इस बार गेहूं की पैदावार भी कम हुई है। इसे देखते हुए सरकार से गेहूं खरीद मूल्य 4,000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग की। इस अवसर पर मुबारक हसन, सुखदेव सिंह, जगतार सिंह, अजब सिंह, रिजवान अली, इलियास अहमद, खुर्शीद अहमद, सोनू गुप्ता, जमुना प्रसाद, बलजीत सिंह, सतनाम सिंह, श्याम मोहन पांडेय आदि मौजूद रहे।

### 235 किसानों को मिली 23.83 लाख की राहत राशि

**रामपुर, अमृत विचार :** अप्रैल के दूसरे सप्ताह में रामपुर जिले में हुई बेमौसम भारी वर्षा से विभिन्न क्षेत्रों में फसलों को व्यापक नुकसान हुआ था। इस प्राकृतिक आपदा के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित सक्रियता दिखाते हुए 235 प्रभावित किसानों को राहत राशि प्रदान की है। शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने राजस्व विभाग की टीमों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वेक्षण कराया। इसके बाद क्षति का आकलन के आधार पर पात्र किसानों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराई गई है। जिले की सभी तहसीलों के कुल 235 प्रभावित किसानों को 23,83,082 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह राशि शासन द्वारा निर्धारित एसडीआरएफ मानकों के अंतर्गत पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि आपदा से प्रभावित कोई भी पात्र किसान राहत से वंचित न रहे। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में भी ऐसी परिस्थितियों में त्वरित सर्वेक्षण कर राहत वितरण सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि राहत वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे तथा किसानों को समय पर सहायता प्राप्त हो सके।

# आंबेडकर पार्क बनेगा पर्यटन का केंद्र, शासन को भेजा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क को लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने शासन को प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे।

नैनीताल समेत उत्तराखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों को जाने के लिए रामपुर अहम केंद्र है। ऐसे में रामपुर के सिविल लाइन्स स्थित आंबेडकर पार्क पर्यटन का प्रमुख केंद्र हो सकता है। लिहाजा, शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पार्क को लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क की तर्ज पर विकसित कराने के प्रयास शुरू कर दिए है। इसके लिए उन्होंने शासन को प्रस्ताव भेजा है। इसके अनुसार जनेश्वर मिश्र पार्क अपनी भव्यता, हरियाली और आधुनिक व्यवस्थाओं के लिए जाना जाता है। विधायक ने बताया कि आंबेडकर पार्क पर लगभग 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का प्रस्ताव है, जिससे पार्क को आकर्षक, सुव्यवस्थित और जनसुविधाओं से युक्त बनाया जा सके।

### मिलेंगी कई सुविधाएं

योजना के तहत पार्क में सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्र का विस्तार, आकर्षक लाइटिंग, फव्वारे, बच्चों के खेलने के लिए आधुनिक उपकरण, ओपन जिम, वॉकिंग ट्रैक और बैठने की बेहतर व्यवस्था विकसित की जाएगी। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। विधायक आकाश सक्सेना का कहना है कि इस पहल से न केवल स्थानीय लोगों को एक बेहतर मनोरंजन स्थल मिलेगा, बल्कि यह पार्क शहर में पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

# फेरबदल: एसपी ने जिले की कई चौकी प्रभारियों का कार्य क्षेत्र बदला

- थाना सैफनी से उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार को दढ़ियाल चौकी का प्रभारी बनाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने चार्ज संभालने के बाद महीने भर में पहली बार बड़े स्तर पर चौकी प्रभारियों का कार्य क्षेत्र बदला है। थाना सैफनी से उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार को दढियाल चौकी थाना टांडा का प्रभारी बनाया गया है। थाना भोट से उपनिरीक्षक योगेश कुमार को रूद्रबिलास चौकी की जिम्मेदारी मिली है।

पनवड़िया चौकी सिविल लाइंस से महिला उपनिरीक्षक दीपा चौहान को थाना बिलासपुर में तैनात किया गया है। पुलिस लाइन से राहुल कुमार को मंडी चौकी थाना गंज का प्रभारी बनाया है, जबकि मंडी चौकी से राजवेंद्र कौर को भवरका चौकी थाना केमरी भेजा है। कुंडा चौकी से भीमसैन को बाजार चौकी सिविल लाइंस भेजा है। बाजार चौकी से पवन कुमार को कुंडा चौकी थाना कोतवाली भेजा है।

बजरिया चौकी से यादवेन्द्र सिंह को पुराना गंज चौकी का प्रभारी बनाया गया है, और पुराना गंज से संदीप कुमार को थाना सैफनी भेजा गया है। थाना केमरी से सुमित कुमार को ढकिया चौकी थाना शाहबाद भेजा है। थाना गंज से सोहनपाल सिंह को मसवासी चौकी का प्रभारी बनाया है। मसवासी चौकी से अजय कुमार को कस्वा बिलासपुर चौकी भेजा गया है। मुरसैना चौकी से रजनीश कुमार को रेवड़ीकला चौकी थाना मिलक और रेवड़ीकला से विनोद कुमार को मुरसैना चौकी थाना अजीमनगर भेजा है। भवरका चौकी से रोहित कुमार को पनवड़िया चौकी सिविल लाइंस भेजा गया है। खौद चौकी थाना अजीमनगर से उत्तम कुमार को मनकरा चौकी थाना भोट भेजा है।

### नौदरा चौकी से मनोज कुमार को सैफनी भेजा

मनकरा चौकी से चंद्र विक्रम सिंह को खौद चौकी भेजा है। नौदरा चौकी से मनोज कुमार को थाना सैफनी भेजा गया है, और रिट सेल से संजय कुमार सिंह को नौदरा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। मदरसा कोहना चौकी से गिरजेश बहादुर को थाना भोट भेजा गया है, वहीं सिविल लाइन से तरुण वर्मा को मदरसा कोहना चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया सेल, पीआरओ शाखा और पुलिस लाइन से भी कई उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।

# व्यापारियों ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए चर्चा की



एकता विहार स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय पर बैठक करते व्यापारी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे व्यापारी

**अमृत विचार:** एकता विहार स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय पर मंगलवार को व्यापारियों ने जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर चर्चा की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जिले में जिला चिकित्सालय में 600 बेड का मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होना अति आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज ना होने से हजारों मौतें हर वर्ष हो रहीं हैं। हजारों मरीज जिला चिकित्सालय से रेफर होने के पश्चात बाहर निकलते ही दम तोड़ देते हैं। क्योंकि जिला चिकित्सालय में विभिन्न रोगों के डॉक्टर जैसे हार्ट, ब्रेन, लिवर ,किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता बुरी तरह से तड़प रही है। शासन की हरी झंडी मिलने के बाद जिले में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज को लेकर जगह भी चिह्नित भी कर ली गई है। लेकिन मामले में उद्यान विभाग लखनऊ की ओर से देरी हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज से अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मेडिकल शिक्षा भी मिलेगी, जो युवाओं को रोजगार के अवसर देगी। इस दौरान संगठन के प्रदेश मंत्री पप्पू खा, मंडल अध्यक्ष अब्दुल वासिक, संगठन मंत्री कन्हैया लाल पटवा, गोपाल शर्मा जिला प्रचार मंत्री, यासीन प्रचार मंत्री, मिलन सक्सेना जिला सचिव, शाहिद मामू संरक्षक, विष्णु सैनी, प्रवीण गुर्जर आदि व्यापरी मौजूद रहे।

### टीकाकरण जरूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** डिप्थीरिया होने पर बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होती है और बच्चों का गला सूज जाता है। संक्रमण छींक से फैलता है। सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि यह संक्रमण डीपीटी द्वारा पूरी तरह रोका जा सकता है। रोकथाम के लिए 30 अप्रैल तक टीकाकरण चलाया गया।


**प्ररूप संख्या यूआरसी-2**

अधिनियम के अध्याय XXI के भाग 1 के तहत पंजीकरण के संबंध में सूचना का विज्ञापन

{कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(ख) और कंपनी (रजिस्ट्रीकरण के लिए प्राधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4 (1) के अनुसरण में}

1. सूचना दी जाती है की कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप धारा (2) के अनुसरण में **रजिस्ट्रार, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान, (आईआईसीए), प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सैक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड- 122050** को एक आवेदन पंद्रह दिनों के बाद, लेकिन तीस दिनों की अवधि की समाप्ति के पहले प्रस्तावित है, की **"इरेका होम्स एलएलपी (एलएलपीआईएनः एसीए- 9399)"** एक एलएलपी को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग 1 के अधीन शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जाए।
2. कंपनी के मूल उद्देश्य इस प्रकार हैं:
   क भारत और विदेशों में लाइनऔर ऑनलाइन मोड के माध्यम से हर प्रकार और विवरण के माल और माल में व्यापार, खरीद, बिक्री, पुनर्विक्रय, आयात, निर्यात, वितरण, आपूर्ति और लेनदेन का व्यवसाय करना, चाहे वह उपभोक्ता, वाणिज्यिक या औद्योगिक हो।
   ख सभी प्रकार के उत्पादों, वस्तुओं और वस्तुओं की खरीद, सोर्सिंग, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, रसद, भंडारण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, विपणन और वितरण में संलग्न होना।
   ग वस्तुओं और सेवाओं के प्रचार और बिक्री के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन मार्केटप्लेस, रिटेल आउटलेट, शोरूम, वेयरहाउस, डिपो और वितरण केंद्रों की स्थापना, संचालन और प्रबंधन करना।
   घ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उत्पादों के विपणन, वितरण और बिक्री के लिए निर्माताओं, व्यापारियों और व्यावसायिक संस्थाओं के लिए एजेंटों, फ्रेंचाइजी, प्रतिनिधियों, कमीशन एजेंटों, चैनल भागीदारों और सेवा प्रदाताओं के रूप में कार्य करना।
   ड. माल और माल के आयात और निर्यात, वैश्विक सोर्सिंग और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार करने के लिए, और उपरोक्त वस्तुओं की प्राप्ति के लिए सभी गतिविधियों को करने के लिए।
3. प्रस्तावित कंपनी के प्रारूप संगम और अनुच्छेद ज्ञापन की प्रतिलिपि का निरीक्षण **ग्राउंड फ्लोर एंड गोदाम, 56, इंडस्ट्रियल एरिया हरथला, कांठ रोड, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत 244001** स्थित पंजीकृत कार्यालय में किया जा सकता है।
4. सूचना दी जाती है की यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन पर आपत्ति है तो वह लिखित में अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के इक्कीस दिन के भीतर **रजिस्ट्रार, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान, (आईआईसीए), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सैक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड- 122050,** पर भेज दें तथा इसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भी भेज दें।

**इरेका होम्स एलएलपी** की ओर से
(नामित साझेदारों का नाम)
हस्ता/-
तिथि : 22.04.2026 1. केशव टोडी
स्थान : मुरादाबाद 2. इरेश बंसल



**हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्**
**EPCH Export Promotion Council for Handicrafts**
CIN: U20299DL1986NPL023253

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited for "Interior & Miscellaneous Work for Auditorium / Craft Bazaar / EPCH Chamber at EPCH Building, Moradabad (U.P.)".

The detailed tender document can be downloaded from the official website: **www.epch.in/tender-MBD.**

**Important Dates:**

- **Last Date for Submission of Tender:** 12th May 2026 up to 12:00 Noon
- **Opening of Technical Bid:** 12th May 2026 at 3:00 PM

**Venue for Opening of Technical Bid:** EPCH House, Sec.- C, Pocket- 6 & 7, L.S.C., Vasant Kunj, New Delhi – 110070

EPCH reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason thereof.

**Export Promotion Council for Handicrafts**
**"EPCH HOUSE", Pocket – 6 & 7, Sector – C, L.S.C.,**
**Vasant Kunj, New Delhi – 110070, Tel : 26135256,**
**Email: rahul.ranjan@epch.com, Website: www.epch.in**


### सुझाव

**मोबाइल देखने से बच्चों में रिफरेक्टिव एरर और मायोपिया का लग रहा रोग**

# गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के साथ खेलें, मोबाइल रखें दूर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- ज्यादा देर स्क्रीन देखने से कमजोर हो रही नजर
- बच्चों को भी कम उम्र में लग रहा चश्मा

**अमृत विचार:** गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के साथ खेलें और उन्हें मोबाइल से दूर रखें क्योंकि बच्चों और बड़ों की आंखों के लिए लगातार मोबाइल चलाना खतरनाक साबित हो रहा है। स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू होने वाली हैं, ऐसे में बच्चों के साथ शारीरिक एक्टिविटी पर फोकस करें और बच्चों को मोबाइल से दूर रखें क्योंकि बच्चे मोबाइल पर कई-कई घंटे गेम खेलते हैं। मोबाइल देखने से बच्चों में रिफरेक्टिव एरर और मायोपिया का रोग लग रहा है।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विक्रम लाल बताते हैं कि स्मार्टफोन देखने की आदत की वजह से लोगों की आंखों में सबसे ज्यादा रिफ्रैक्टिव एरर और मायोपिया की शिकायत देखने को मिल रही है और इन बीमारियों की वजह से बड़ों ही नहीं बच्चों को भी कम उम्र में चश्मा लग रहा है। स्मार्ट क्लासेज अटेंड कराने के लिए अभिभावकों ने बच्चों को स्मार्ट फोन खरीदकर दिए। इसके बाद से बच्चों और बड़ों दोनों का मोबाइल देखने का समय बढ़ गया है। पेरेंट्स निश्चित हैं कि उनके लाडले मोबाइल की स्क्रीन से चार से छह घंटे पढ़ाई कर रहे हैं। जबकि यह खतरे के निशान से ऊपर हैं, इतनी देर तक फोन देखने की वजह से विजन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है और आंखों का नंबर भी बढ़ रहा है। नेत्र चिकित्सक बताते हैं कि अगर किसी का काम फोन, लैपटॉप और कंप्यूटर पर है, तो उसको स्क्रीन टाइम कम करने की सलाह कैसे दी जा सकती है। फिर भी उनके लिए जरूरी है कि काम के बाद वे फोन न देखें या कम से कम देखें। इसके अलावा हर 20 मिनट से आधा घंटे के बीच पांच मिनट का गैप जरूर करें। इस दौरान स्क्रीन से आंखें हटाकर लंबी दूरी तक देखें।

### बोले विशेषज्ञ



बच्चों के हाथों में मोबाइल नहीं दें उन्हें मोबाइल से दूर ही रखें। स्मार्टफोन देखने की आदत की वजह से आंखों में सबसे ज्यादा रिफ्रैक्टिव एरर और मायोपिया की शिकायत देखने को मिल रही है और इन बीमारियों की वजह से बड़ों ही नहीं बच्चों को भी कम उम्र में चश्मा लग रहा है। - **डॉ. किशोरी लाल**, डायरेक्टर डालमिया नेत्र चिकित्सालय



मोबाइल चलाने से आंख की सिर्फ समीप का दिखाने वाली मांसपेशी ही सक्रिय रहती है जिसके कारण दूर का दिखाने वाली मांसपेशी लंबे समय तक निष्क्रिय रहने के कारण कमजोर हो जाती हैं। जिससे हमें दूर की वस्तुएं ठीक से दिखाई देना कम हो जाती हैं। जिन्हें चश्मा लगा हुआ है वे ब्लू कट ग्लास का प्रयोग कर सकते हैं।

\- **डॉ. विक्रम लाल**, नेत्र विशेषज्ञ

# जीवन को कुशल बनाता है स्काउट

**रामपुर, अमृत विचार:** भारत स्काउट एंड गाइड संस्था रामपुर द्वारा अनिवार्य शिक्षा अभियान के तहत जैन इंटर कॉलेज में स्काउट का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। पहले दिन शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य हरीश डुडेजा ने किया। उन्होंने कहा कि स्काउट संस्था से जुड़कर बच्चे अनुशासन व सत्य मार्ग पर चलने की सीख प्राप्त करते हैं। जीव विज्ञान प्रवक्ता सचिन कुमार सिंह ने कहा कि स्काउट देश प्रेम और समाज सेवा की भावना से कार्य करता है। जिला संस्था भारत स्काउट गाइड रामपुर द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक प्रेमपाल सिंह ने पहले दिन भारत स्काउट गाइड के उद्देश्यों एवं कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और स्काउट टोलियों का गठन किया। शिविर प्रभारी राहुल जैन समेत कई लोग रहे।

न्यूज ब्रीफ

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सोमवार की रात माटखेड़ा रोड पर बाईपास पुल के नीचे हादसा हो गया। इसमें मिलक खानम थाना क्षेत्र के टीन वाला मंझरा गांव निवासी कंबाइन चालक भजनलाल( 50) घायल हो गए। वह फुलसुंघी गांव में एक किसान के खेत से गेहूं काटकर घर लौट रहे थे। बाईपास पुल के नीचे सर्विस रोड से मुड़ते समय एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भजनलाल सिर के बल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि घायल पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**मिलक, अमृत विचार :** मंगलवार को दोपहर करीब 3 :30 बजे अंशु व अनूप निवासी ग्राम हल्दुआ थाना मिलक बाइक से घर को जा रहे थे। आनंद कुमार ग्राम लोहा पट्टी भागीरथ मिलक की बाइक से भिड़ंत हो गई। घटना बिलासपुर रोड खाता नगरिया मोड़ के निकट हुई। जिसमें यह तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सैफनी में चोरों का आतंक, लोग परेशान

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में 15 अप्रैल की रात चोरों ने ताजपुर बेहटा गांव में एक टैंट हाउस की दुकान से तीन सिलेंडर जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी किया। 17 अप्रैल की रात में नगर के मझरा मोहल्ला निवासी समीर और दनियांपुर गांव निवासी उनकी रिश्तेदार महिला मेहताब जहां को बाइक से जाते समय अज्ञात बदमाशों ने तमंचे के बल पर मारपीट करने के बाद लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था।

## जूस विक्रेताओं का चल रहा कारोबार

**रामपुर, अमृतविचार :** राहे रजा, राहे मुर्तजा पर बेल के शर्बत और गन्ने का जूस बेचने वालों का अच्छा कारोबार हुआ। बेल का शर्बत बेच रहे रमेश सैनी ने बताया कि लोग बेल का शर्बत पीना अधिक पसंद कर रहे हैं। क्योंकि यह शरीर को ताकत देता है और पेट के लिए भी बहुत फायदेमंद है। बताया कि गर्मी में शर्बत पीने से बार-बार पानी पीने की जरूरत नहीं पड़ती है।

# कार में भरकर ले गए 9 बकरी महिला को कुचलने का प्रयास

संवाददाता, सैफनी

- दिनदहाड़े वारदात से लोगों में दहशत

**अमृत विचारः** सैफनी थाना क्षेत्र के नया रायपुर गांव में सोमवार की दोपहर दिनदहाड़े कार सवार चोरों ने दो घरों के बाहर से 9 बकरियां चोरी कर लीं। वारदात के बाद भाग रहे चोरों को एक महिला ने जब रोकने की कोशिश की तो उन पर कार चढ़ाने का प्रयास किया और मौके से फरार हो गए। लोगों में दहशत है।

पीड़िता ने बताया कि नया रायपुर गांव निवासी बाबू अपनी भाभी नूर जहां के साथ मिलकर बकरियों के पालन का काम करते हैं। जबकि उनकी पड़ोसी जुबैदा भी बकरी पालती हैं। सोमवार की दोपहर बाबू की बकरियां घर के बाहर बराबर में पेड़ के नीचे बंधी थीं, जबकि बराबर में ही जुबैदा की बकरी कच्ची झोपड़ी में थीं। इसी दौरान एक सफेद रंग की कार में कुछ युवक बाबू की बकरियां भर रहे थे, यह देखकर बाबू ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिससे चोर हड़बड़ा गए और तेजी से कार को भगाने लगे इस दौरान जुबैदा ने कार के आगे खड़े होकर रोकने की कोशिश की तो चोरों ने उन्हें कार से कुचलने का प्रयास किया जिससे जुबैदा रास्ते से हट गईं। बताया कि चोर बाबू की 6 तथा जुबैदा की 3 बकरियों समेत 9 बकरी चोरी कर फरार हो गए हैं। पीड़ितों ने बताया कि कार में चार लोग सवार थे वह करीब 75 हजार रुपए की कीमत की बकरी चोरी कर ले गए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चोरों की तलाश की जा रही है।

### जिला अस्पताल में बनाए गए आठ बेड के कोल्ड रूम में लगे हैं दो एसी और रखी गईं तमाम दवाएं

# लू पीड़ितों के इलाज को जिला अस्पताल में बना कोल्ड रूम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में लू से पीड़ित मरीजों के लिए आठ बेड का कोल्ड रूम बनाया गया है। कोल्ड रूप में तमाम दवाएं, इंजेक्शन रखे गए हैं। फ्रिज में आइस पेक भी रखें हैं। लू से पीड़ित मरीजों को कोल्ड रूम से त्वरित इलाज मिलेगा और उनकी जान बच सकेगी। हालांकि, कोल्ड रूम के लिए अलग से स्टॉफ नहीं लगाया गया है जिला अस्पताल का रूटीन स्टॉफ ही मरीजों को अटेंड करेगा।

लू के प्रकोप को देखते हुए मौसम विभाग की चेतावनी पर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। जिला अस्पताल में आठ बेड का कोल्ड रूम बनवाया गया है। प्रशासन ने भी सोमवार को लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी


दवाओं की जानकारी देते मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना।

कर दी थी। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने मंगलवार की दोपहर पत्रकारों को कोल्ड रूम दिखाते हुए बताया कि लू से पीड़ित मरीजों को त्वरित इलाज देने के लिए आठ बेड का कोल्ड रूम बनवाया गया है। जिसमें मरीजों के इलाज के लिए सभी दवाएं, इंजेक्शन, आइस पैक आदि रखवा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि लू चलने लगी है और

> अगले पांच दिन मौसम शुष्क रहने और 24-25 अप्रैल से लू चलने की संभावना है। जिससे तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। रात के तापमान में भी 4 डिग्री तक बढ़ोत्तरी हो सकती है। **- प्रो. उदय प्रताप शाही** मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

लू से बचने के लिए दोपहर में सफर करने से बचें। घर से निकलने पर सिर अंगोछा या तौलिया डाल लें, छाता भी लगा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की आवश्यकता है।

लू लगने के लक्षणः शरीर का तापमान बढ़ना, सिरदर्द, चक्कर आना और थकान, त्वचा का लाल होना और सूखापन, अत्याधिक प्यास लगना और बार-बार पेशाब आना, पैरों और पेट में दर्दनाक ऐंठन, मतली, उल्टी और पेट में दर्द होता है।

## प्रचंड गर्मी के आसार 45 डिग्री तक जा सकता है तापमान



मौसम वैज्ञानिक प्रचंड गर्मी के आसार जता रहे हैं। पारा 45 डिग्री सेंटीग्रेड तक जा सकता है। मौसम शुष्क रहेगा और 25 अप्रैल से लू चलने की संभावना जताई गई है। हालांकि, मंगलवार को भी लोग तपिश से बेहाल रहे। लोगों ने गर्मी से बचने के लिए सिर पर अंगोछा डाल लिया। गर्मी लगने और गला सूखने पर लोगों ने कोल्ड ड्रिंक के अलावा बेल का शर्बत, गन्ने का जूस और लस्सी आदि का सेवन किया।अधिकतम 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान- 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से सूरज में तेजी थी दोपहर होने से तपिश बढ़ गई और लोगों का गर्मी से गला सूखने लगा। प्यास बुझाने के लिए लोगों ने कोल्ड ड्रिंक पिया।

# रीफिल खत्म हुए तीन साल बीते लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट बंद

### 5 लाख रुपये है रीफिल की कीमत, 2023 से ठप है प्लांट का संचालन

- मरीजों के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर बाहर से मंगाने पड़ रहे
- इन प्लांटों से मरीज के बेड तक सीधी आपूर्ति होती है

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल में पांच लाख रुपये के लिक्विड की वजह से 50 लाख रुपये ऑक्सीजन प्लांट बंद पड़ा है। लिक्विड रीफ्लिंग के लिए शासन से बजट नहीं मिला है। इसके बंद होने से मरीजों के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर बाहर से मंगाने पड़ रहे हैं। हालांकि, जिला अस्पताल में दो ऑक्सीजन प्लांट पहले से लगे हुए हैं लेकिन, इन प्लांट से बनी ऑक्सीजन को स्टोर नहीं किया जा सकता। इन प्लांटों से मरीज के बेड तक सीधी आपूर्ति होती है। इस कारण जिला अस्पताल में दो प्लांट होने के बावजूद सिलेंडर बाहर से मंगाना पड़ते हैं।


जिला अस्पताल में 5 लाख की लिक्विड की आस में बंद है 50 लाख का ऑक्सीजन प्लांट।

कोरोना काल में वर्ष 2022-23 में 50 लाख रुपये की लागत से जिला अस्पताल में मोर्चरी के पास पहले लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगवाया गया था। लेकिन, कुछ समय चलने के बाद लिक्विड खत्म होने के कारण यह प्लांट बंद हो गया। मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना बताते हैं कि इसके लिक्विड के लिए कई बार शासन को पत्र लिखा जा चुका है लेकिन, लिक्विड के लिए पैसा जारी नहीं किया गया है। बताते हैं कि इस

> ऑक्सीजन प्लांट को चालू करने के लिए इसमें 5 लाख रुपये का लिक्विड पड़ेगा। प्लांट में लिक्विड डलवाए जाने के लिए 5 लाख रुपये की दरकार है प्लांट चालू हो जाएगा। जिले भर के अस्पतालों को बाहर से ऑक्सीजन खरीदना नहीं पड़ेगी। इसके लिए शासन को कई बार पत्र लिखा जा चुका है। **-डॉ. बीसी सक्सेना,** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल

प्लांट में एयर सेपरेशन की मदद से प्लांट से हवा को ऑक्सीजन से अलग किया जाता है। ऑक्सीजन बनाने के लिए हवा को कंप्रश किया जाता है। ऑक्सीजन के लिक्विड फॉर्म में बदलने पर उसे इसमें स्टोर कर लिया जाता है। सेपरेशन के बाद स्टोर होने वाली ऑक्सीजन की शुद्धता 99 प्रतिशत होती है। प्लांट में 10 हजार लीटर ऑक्सीजन का टैंक लगा हुआ है।

### बाहर से आ रहे ऑक्सीजन सिलेंडर

इस प्लांट के चालू होने पर जिले भर के अस्पतालों से ऑक्सीजन का संकट दूर हो गया था। इसी प्लांट से ऑक्सीजन के सिलेंडर रीफिल कर भेज दिए जाते थे। इससे कोरोना काल में ऑक्सीजन की मारा मारी के दौरान मरीजों और चिकित्सकों दोनों को बड़ी राहत मिली थी। सीएचसी, पीएचसी को ऑक्सीजन सिलेंडर बाहर से खरीदने नहीं पड़ रहे थे लेकिन, प्लांट बदं होने के बाद स्थिति खराब हो गई है।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कार सवार की मौत

**मसवासी, अमृत विचारः** खटीमा-पानीपत फोरलेन मार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई। वह कार का टायर पंचर होने पर स्टेपनी बदल रहा था।

जिला मुजफ्फरनगर के थाना पुरकाजी क्षेत्र के ग्राम फलौदा निवासी नितिन कुमार त्यागी पुत्र अशोक त्यागी अपनी पत्नी और बच्चे के साथ उत्तराखंड के हल्द्वानी जा रहे थे। पट्टी कला के पास फोरलेन मार्ग पर उनकी कार का टायर अचानक पंचर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नितिन कार को सड़क किनारे खड़ा कर स्टेपनी बदलने लगे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नितिन गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल काशीपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए, जहां पत्नी और बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर मोर्चरी भिजवा दिया है। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं की तरक्की


राजकीय महिला डिग्री कालेज में हुई गोष्ठी में बोलतीं प्रो. अनिता देवी अग्रवाल।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- महिला सशक्तिकरण, चुनौती एवं समाधान विषय पर हुई गोष्ठी

**अमृत विचारः** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति विशेष अभियान 5 के तहत मंगलवार को महिला सशक्तिकरण, चुनौती एवं समाधान विषय पर विचार गोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता प्रो. अनिता देवी अग्रवाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक रूप से सक्षम बनाना है।

मुख्य वक्ता ने कहा कि किसी भी समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए उनका सशक्त होना आवश्यक है। महिलाएं जितना सशक्त होंगी राष्ट्र भी उतना ही मजबूत बनेगा। महिलाओं को भी अपने अधिकारों के लिए आना होगा। केवल कठपुतली बनने से काम नहीं चलने वाला है। इसलिए जरूरी है कि महिलाएं जागरूक बनें और अपने अधिकारों को पहचानें। इसके लिए जरूरी है कि महिलाओं का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। डॉ. मोहम्मद कासिम ने महिला सशक्तिकरण की चुनौतियों शिक्षा की कमी, लिंग भेदभाव, घरेलू हिंसा और सुरक्षा, आर्थिक निर्भरता, बाल विवाह और दहेज प्रथा, राजनीतिक भागीदारी की कमी आदि विषय पर विचार व्यक्त किए। डॉ. प्रीति लता सिंह, डॉ. सोनू पुरी आदि मौजूद रहीं।

# दो स्थानों पर लगी आग, भूसा-नरई स्वाहा

- दमकल विभाग की टीम व ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचारः** मंगलवार को आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं में खेत की नरई और भूसे के ढेर जलकर नष्ट हो गए। साथ ही दमकल विभाग की टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

पहली घटना केमरी थाना क्षेत्र के गांव म्यूढ़ी में हुई, जहां ताराचंद्र और रामकुमार के खेतों में रखे भूसे के ढेरों में आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैलने लगी। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। ताराचंद्र और रामकुमार के अनुसार, आगजनी में जानवरों के लिए रखा भूसा जलने से उन्हें 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। दूसरी घटना शाम को उत्तराखंड सीमा के पास बत्रा कॉलोनी में हुई। यहां विकास बत्रा के खेत में नरई में आग लग गई। स्थानीय और उत्तराखंड दोनों राज्यों की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। लगभग एक घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तेज हवाओं के कारण लगभग तीन एकड़ नरई जलकर खाक हो गई। दोनों घटनाओं पर मौजूद दमकल विभाग के चालक श्रीपाल और दमकलकर्मी अक्षय पंवार ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। तहसीलदार शिवकुमार शर्मा ने जानकारी दी कि दोनों स्थानों पर राजस्व कर्मियों को भेजा गया है।


बिलासपुर के गांव म्यूढ़ी में आग पर काबू पाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

## तकनीक और परंपरा से खेतों में दोगुनी होगी हरियाली : कुलपति

**रामपुर,अमृत विचार :** मोहम्मद अली विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कृषि विज्ञान केंद्र धमोरा का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक खेती मॉडल, समेकित कृषि प्रणाली, उच्च तकनीक नर्सरी, बीज उत्पादन इकाई, मशरूम उत्पादन केंद्र, बर्मी-कम्पोस्ट इकाई, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का अवलोकन किया। विवि के कुलपति प्रो. जहीरउद्दीन ने कहा कि तकनीक और परम्परा जब खेतों में मिल जाए तो हरियाली दोगुनी हो जाती है।

वैज्ञानिकों ने छात्रों को मोटे अनाज, दलहन-तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों, कीट-रोग प्रबंधन तथा कृषि यंत्रीकरण की बारीकियों के बारे में जानकारी दी। केंद्र प्रमुख डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह गंगवार ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ खेतों का व्यावहारिक अनुभव पेशेवरों के लिए आवश्यक है।

# पहली पत्नी के मौत मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट की तलाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** बीमा का पैसा हड़पने के लिए नैनीताल से वापसी में 25 फरवरी 2026 की रात गंज थाना क्षेत्र के ग्राम आंगा में पुलिसकर्मी पत्नी और बच्चे को जिंदा जलाने के मामले का आरोपी दान सिंह यादव अपने मकड़जाल में फंसता जा रहा है। 18 दिसंबर 2020 को दान सिंह की पहली पत्नी रजनी की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। रजनी शाहबाद के ग्राम परतौर की रहने वाली थी। पुलिस रजनी की मौत को भी संदिग्ध मान रही है। पुलिस अब रजनी की मौत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट तलाशने में जुट गई है।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार कठोर कार्रवाई करा रहे हैं। मिलक थाना क्षेत्र में 18 दिसंबर 2020 को रिलायंस पेट्रोल पंप के पास रांग साइड रोडवेज की बस ने दान सिंह और रजनी की बाइक में टक्कर मार दी थी।


दूसरी पत्नी और बच्चे के साथ दान सिंह यादव।(फाइल फोटो)। ● अमृत विचार

इस हादसे में रजनी की मौत हो गई थी। जबकि दान सिंह का एक पैर फ्रेक्चर हो गया था। रजनी का जिला अस्पताल में 19 दिसंबर 2020 को पोस्टमार्टम कराया गया था। पुलिस रजनी की मौत को भी संदिग्ध मान रही है क्योंकि, रजनी की मौत के चार वर्ष बाद दान सिंह ने पुलिस कर्मचारी लता से शादी की और 25 फरवरी 2026 को पत्नी लता और तीन वर्षीय पुत्र अवांश को मौत के घाट उतार दिया।

दान सिंह अपने बुने जाल में खुद ही फंसता जा रहा है। दान सिंह की दूसरी पत्नी लता सीतापुर की रहने वाली थी और श्रावस्ती में आरक्षी पद पर तैनात थी। 15 जून 2022 को दोनों का प्रेम विवाह हुआ था। दान सिंह ने लता की मौत के बाद बीमा की मोटी रकम हड़पने का प्लान बनाया था। लेकिन, जल्दबाजी में वह गलती पर गलती करता गया। जिसके कारण पुलिस को उस पर शक हुआ। वह कार में आग लगने के बाद पत्नी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर नहीं पहुंचा बल्कि अपने दोस्त नूर हसन की कार का इस्तेमाल किया।

### सिपाही पत्नी की सिर में चोट लगने से गई थी जान

पुलिस ने नूर हसन की कार की जांच की तो उसमें डंपर की टक्कर के निशान नहीं मिले। कार पर मामूली खरोंच का निशान मिला था। पुलिस ने कार में लगे सिलेंडर की टेक्निकल जांच कराई। जांच में सिलेंडर सही पाया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुलिस आरक्षी के सिर में चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस का शक गहरा गया और दान सिंह से पूछताछ में उसने पूरी दास्तान उगल दी। अब पुलिस पहली पत्नी रजनी की मौत के रहस्य से पर्दा उठाने में जुट गई है। पुलिस जिला अस्पताल से 19 दिसंबर 2020 को जिला अस्पताल में हुए रजनी के पोस्टमार्टम रिपोर्ट की फाइल तलाश रही है।

# कब्रिस्तान में कब्र खोदे जाने से सनसनी, पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता, टांडा

- वीडियो वायरल होते ही इलाके में फैला रोष

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला रांड स्थित कब्रिस्तान में मंगलवार को एक कब्र को 5-6 फीट गहरा खोदने और अन्य कब्रों की प्लास्टिक काटने का मामले में सीओ टांडा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। संदिग्धों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

नगर के मोहल्ला रांड स्थित कब्रिस्तान में मंगलवार शाम स्थानीय लोग अपने परिचितों की कब्रों पर ईसाल-ए-सवाब करने पहुंचे। वहां का दृश्य देखकर लोगों के होश उड़ गए। एक कब्र को लगभग 5 से 6 फीट तक खोदा गया था, जबकि अन्य कई कब्रों पर लगे प्लास्टिक कवर को धारदार हथियार से बुरी तरह काटा गया था। वीडियो के अनुसार मंगलवार को असर की नमाज के बाद जब लोग कब्रिस्तान पहुंचे, तो उन्हें कब्रों के साथ हुई इस छेड़छाड़ का पता चला। देखरेख करने वाले से पूछताछ की, लेकिन उसने घटना से अनभिज्ञता जताई। वीडियो वायरल होते ही इलाके में रोष फैल गया। कब्रों की बेअदबी ने धार्मिक भावनाओं को आहत किया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया।

देर शाम पुलिस विभाग और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीओ कीर्तिनिधि आनंद ने कब्रिस्तान का निरीक्षण किया। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच की जाएगी। इस दौरान पालिका अध्यक्ष पति सरफराज़ आलम, कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा, पूर्व पालिका अध्यक्ष पति मक़सूद लाला आदि रहे।

# योगेश कुमार बेस्ट रोवर और दीक्षा गंगवार बनीं रेंजर

संवाददाता, बिलासपुर

- श्री गुरु तेग बहादुर साहिब महाविद्यालय में कार्यक्रम

**अमृत विचारः** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर के अंतिम दिन योगेश कुमार को बेस्ट रोवर तथा दीक्षा गंगवार को रेंजर चुना गया। वहीं शिविरार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

मंगलवार को शिविर का शुभारम्भ डॉ. अवतार दीक्षित ने ध्वजारोहण के साथ किया। इसके पश्चात टोलियों में विभाजित रोवर्स-रेंजर्स ने टैंट लगाने का कार्य तथा बिना बर्तनों के भोजन बनाने का कार्य किया। टोलियों के निरीक्षण में टैन्ट लगाने की प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल ने डॉ. आंबेडकर टोली को प्रथम, रानी लक्ष्मीबाई टोली व कमल टोली को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा शहीद भगत सिंह टोली को तृतीय स्थान प्रदान किया। बिना बर्तन के भोजन बनाने की प्रतियोगिता में डॉ. आंबेडकर टोली प्रथम, रानी लक्ष्मीबाई टोली व कमल टोली द्वितीय तथा शहीद भगत सिंह टोली तृतीय स्थान पर रहीं। पांचवें दिन के समापन सत्र में शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ रोवर का पुरस्कार योगेश कुमार को तथा सर्वश्रेष्ठ रेंजर का पुरस्कार दीक्षा गंगवार को दिया गया।


रोवर्स-रेंजर्स शिविर के अंतिम दिन प्रमाण पत्रों के साथ शिविरार्थी। ● अमृत विचार

समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर विवेक तिवारी ने रोवर्स-रेंजर्स को पांच दिवसीय शिविर में सीखी गई शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। शिविर संयोजक डॉ. अवतार दीक्षित व रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीलम मौर्य ने उत्साहवर्द्धन किया तथा प्रशिक्षक जीतू कुमार व प्रशिक्षका नरवंत कौर का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर डॉ. दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ. शिवओम शर्मा, डॉ. शिल्पा राठी आदि मौजूद रहे। संचालन रोवर्स प्रभारी संघ रतन सिंह ने किया।

# आठवें वेतन आयोग के अनुसार पेंशनर्स के साथ हो रहा अन्याय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने दिया धरना

**अमृत विचारः** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन रामपुर ने प्रदेशीय आह्वान पर मंगलवार को अबेडकर पार्क में धरना दिया। इसके बाद जिला अधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। संगठन के संरक्षक राम मोहनलाल सक्सेना की अध्यक्षता तथा जसराज सिंह सागर के निदेशन में प्रदर्शन किया।

सभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष परवेज अहमद खान ने बताया कि सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के अनुसार पेंशनर्स के साथ अन्याय किया जा रहा है। इसलिए धरना प्रदर्शन करने की आवश्यकता पड़ रही है। अध्यक्ष एनपी सिंह ने बताया कि देशभर के पेंशनरों में बहुत बड़ा असंतोष इस कारण से है कि आठवें वेतन आयोग की सीमा में नहीं रखा गया है। अखिल भारतीय राज्य सरकार पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा उप्र के सभी जिलों में मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया गया। विधि सलाहकार आरपी सक्सेना, पेंशनर्स एसोसिएशन के संरक्षक वेद प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष ओमवीर सिंह वैदिक, जसराज सिंह सागर, अध्यक्ष राम मोहनलाल सक्सेना ने अपने विचार रखे। इस दौरान परवेज अहमद खान, वेद प्रकाश शर्मा, ओमवीर सिंह वैदिक, राममोहन चतुर्वेदी, उमेश चंद्र यादव, अमर सिंह जिलेदार, प्रेम नारायण चौधरी , भगवान दास, कृष्ण कुमार, हरिद्वारी लाल, जोगिंदर पाल, मनोहर लाल, राजीव सक्सेना, सुरेंद्र कुमार जौहरी, सुभाष चंद्र, होतीलाल आदि मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### शिक्षकों ने घर-घर जाकर जगाई शिक्षा की अलख



**हसनपुर, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर स्थित विद्यालय के शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया। शिक्षकों और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने घर-घर जाकर अभिभावकों से मुलाकात की। इस अभियान का मुख्य केंद्र बिंदु वे परिवार रहे, जिनके बच्चे 6 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के हैं, किंतु किन्हीं कारणोंवश अभी तक विद्यालय की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाए हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने विचार रखे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजकुमार, अंजू, प्रथी सिंह, संतोष सिंह, दीपचंद सिंह, डॉ. नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### भतीजों ने चाचा पर किया हमला, घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी बलवंत तीन भाई हैं तीनों भाइयों ने पहले अपनी जमीन का बंटवारा कर लिया था। जिस पर तीनों भाई काबिज हैं। पीड़ित बलवंत द्वारा अपनी भूमि पर कुछ पेड़ लगा रखे हैं, जिनको पानी देने के लिए मंगलवार की सुबह वह खेत पर गया, तभी उसके बड़े भाई के दोनों बेटे आ गए और उसके साथ कहा सुनी के बाद मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान बलवंत घायल हो गया, इसके बाद बलवंत कोतवाली पहुंचा और आरोपी भतीजों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### बरात में हुई आतिशबाजी से खोई में लगी आग

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में आई बारात के स्वागत के दौरान हुई आतिशबाजी से गन्ने की खोई में आग लग गई। गांव मंगरौली निवासी उमर ने गांव हथियाखेड़ा स्टैंड के पास अपना गन्ना कोल्हू लगा रखा है। मंगलवार की दोपहर यहां एक बारात का आगमन हुआ था। स्वागत के दौरान बारात में शामिल एक व्यक्ति ने गोला छोड़ा, जिसकी चिंगारी पास ही मौजूद सूखी खोई के ढेर पर जा गिरी। सूखी खोई होने के कारण आग ने चंद मिनटों में ही विकराल रूप धारण कर लिया। लोगों ने बमुश्किल बुझाया।

# 28 हजार अभ्यर्थी देंगे होमगार्ड भर्ती परीक्षा

## सीसीटीवी निगरानी में दो पालियों में होगी परीक्षा, पारदर्शी ढंग से परीक्षा कराने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



परीक्षा को लेकर निर्देश देते डीएम और एसपी। • अमृत विचार

- परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए हैं 10 केंद्र, तैनात रहेंगे पुलिस कर्मी
- परीक्षा को लेकर डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** जिले में 25, 26 और 27 अप्रैल को होमगाड्र्स भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में 28,224 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसको लेकर 10 केंद्र बनाए गए है। परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नितिन गौड़ और पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे पूरी जिम्मेदारी, सजगता और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होगा। नकल या किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सभी कार्मिक अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला कर्मियों द्वारा ही कराई जाए। साथ ही सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाए। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एम्बुलेंस और मेडिकल टीम की व्यवस्था रहे। इसके अलावा पेयजल, निर्बाध बिजली आपूर्ति और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। यातायात व्यवस्था को भी सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।यह परीक्षा 10 केंद्रों पर आयोजित होगी। प्रत्येक दिन दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। प्रत्येक पाली में 4704 अभ्यर्थी शामिल होंगे, इस प्रकार तीन दिनों में कुल 28,224 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**यह रहेंगे परीक्षा केंद्र**

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, ए.के.के. इंटर कॉलेज, आई.एम. इंटर कॉलेज, जे.एस. हिंदू इंटर कॉलेज, जे.एस. हिंदू पीजी कॉलेज (ब्लॉक-ए व ब्लॉक-बी), भगवत सरन इंटर कॉलेज जोया तथा सिख इंटर कॉलेज नारंगपुर शामिल हैं।

# भाजपा विधायक के भाई राजेंद्र पत्नी समेत सपा में शामिल



अखिलेश यादव से मिलकर पार्टी में शामिल होते गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी।

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** हसनपुर से भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के छोटे भाई एवं गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी व उनकी पत्नी निर्वेश देवी ने मंगलवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

2024 के लोकसभा चुनाव में भी उनके दल बदलने की चर्चाएं थीं, लेकिन तब उन्होंने भाजपा के साथ खड़े रहने का निर्णय लिया था। अब चुनाव से पहले उनके इस कदम ने सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि खड़गवंशी परिवार का क्षेत्र के अन्य पिछड़ा वर्ग वोट बैंक पर मजबूत प्रभाव है, जिसका सीधा लाभ अब समाजवादी पार्टी को मिल सकता है। वहीं राजनीतिक जानकारों का कहना है कि राजेंद्र खड़कवंशी के द्वारा सपा की सदस्यता ग्रहण करना 2027 के विधानसभा चुनाव की दावेदारी और अंतर कलह के संकेत दे रही है। राजेंद्र खड़गवंशी आगामी विधानसभा चुनाव में हसनपुर सीट से लड़ सकते हैं। राजेंद्र खड़गवंशी ने बताया कि सपा की नीतियों से प्रभावित होकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है अब क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को और मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने बताया गया कि गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी का भाजपा से लेना देना नहीं है।

# भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान महासंघ के पदाधिकारी।

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। मुरादाबाद मंडल के तीन जिलों में सहकारी समितियों द्वारा ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज वसूले जाने के विरोध में किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

किसान नेताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में किसानों से मात्र 3 प्रतिशत ब्याज लिया जा रहा है, जबकि इन तीन जिलों के किसानों के साथ भेदभाव करते हुए 7 प्रतिशत ब्याज वसूला जा रहा है। इस अवसर पर प्रांतीय गन्ना प्रमुख महीपाल सिंह, जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा, और आरएसएस के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने संबोधित किया। प्रदर्शन में जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान, लाखन सिंह, ओमवीर सिंह, कामेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गंगाराम, जगदीश सिंह और गुड्डू सिंह आदि रहे।

## आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला पकड़ा

**बिजनौर :** धामपुर क्षेत्र में सोशल मीडिया पर करणी सेना के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक युवक द्वारा करणी सेना और उसके कार्यकर्ताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पोस्ट की गई थी। पोस्ट वायरल होते ही संगठन के कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया और कार्रवाई की मांग उठने लगी। इस संबंध में मानपुर शिवपुरी निवासी करणी सेना कार्यकर्ता अनुज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। धामपुर कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान आरोपी की पहचान जित्तनपुर निवासी राजन पुत्र हरपाल के रूप में हुई। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# बार एसोसिएशन चुनाव में 96 प्रतिशत मतदान

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



मतदान केंद्र के बाहर मौजूद अधिवक्ता। • अमृत विचार

- आज होगी मतगणना, 1016 वकीलों ने किया मताधिकार का प्रयोग

**अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गए। चुनाव में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रिकॉर्ड मतदान दर्ज हुआ। कुल 1060 मतदाताओं में से 1016 वकीलों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो करीब 96 प्रतिशत मतदान रहा।

मंगलवार को कचहरी परिसर में सुबह निर्धारित समय पर ठीक 10 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, जो शाम 5 बजे तक चली। पूरे दिन अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। अपने-अपने समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने के लिए वकील बड़ी संख्या में पहुंचे। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। अध्यक्ष पद के लिए इस बार मुकाबला बेहद रोचक माना जा रहा है। इस पद पर कपिल चिकारा, संजय कुमार शर्मा, अख्तर हुसैन और महाराज सिंह के बीच सीधी टक्कर है। वहीं महासचिव पद के लिए भी कई प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें अरशद भारती, दिनेश चौहान, धर्मेंद्र सिंह, फारूक अहमद, विशाल कुमार शर्मा और निरंकार सिंह प्रमुख रूप से शामिल हैं। चुनाव से पहले प्रत्याशियों ने समर्थन जुटाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। बीते कई दिनों से कचहरी परिसर में चुनावी सरगर्मी तेज रही और अधिवक्ताओं के बीच लगातार जनसंपर्क किया गया। कुछ पदों पर नाम वापसी के चलते स्थिति पहले ही स्पष्ट हो चुकी है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर उम्मे अम्मारा एडवोकेट के नाम वापस लेने के बाद शबनम परवीन का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। इसके अलावा सदस्य कार्यकारिणी (पुरुष जूनियर ग्रुप) के चार पदों पर हरजीत सिंह राणा, फुरकान अली, मोहम्मद सिकंदर उर्फ सोनू और वसीम अख्तर आब्दी का निर्विरोध निर्वाचन सुनिश्चित हो चुका है। वहीं सदस्य कार्यकारिणी (सी ग्रुप महिला) के दो पदों पर रेनू अग्रवाल और पूनम चौधरी का निर्विरोध चयन भी लगभग तय माना जा रहा है। मतदान प्रक्रिया की निगरानी वरिष्ठ अधिवक्ताओं और चुनाव समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में की गई, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित रही। अब सभी की निगाहें बुधवार को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। सभी पदों के परिणाम आज बुधवार को घोषित कर दिए जाएंगे।

# बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता,बिजनौर

- नूरपुर रोड पर देर रात हादसा, दो अन्य गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार :** धामपुर थाना क्षेत्र में नूरपुर रोड पर देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार वजीदपुर निवासी समीर (22) और रिहान उर्फ उजेब (21) बाइक से धामपुर की ओर जा रहे थे। वहीं नींदड़ू निवासी मोहम्मद कैफ (20) और शेरकोट निवासी सूफियान (20) स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों वाहन नूरपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार समीर और स्कूटी चालक कैफ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रिहान और सूफियान गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पर गरजे पेंशनर्स

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



प्रदर्शन करते पेंशनर्स। • अमृत विचार

- प्रधानमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एडीएम को दिया

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय पेंशनर फेडरेशन, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित शहीद पार्क में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। पेंशनर्स ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों के समाधान की मांग शासन से की है।

सोमवार को यह धरना सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। जिसमें बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान वक्ताओं ने पेंशनर्स से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए कहा कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। धरना समाप्ति के बाद पेंशनर्स ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर जिलाधिकारी को दिया। पेशनरों के राशिकरण की कटौती 10 वर्ष पर बंद कर दी जाए। धरना सभा को जिला अध्यक्ष अनूप सिंह पैसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह चिकारा, जिला मंत्री राजेंद्र सिंह राणा, संरक्षक शिवनाथ सिंह प्रजापति सहित तहसील हसनपुर के कुंवर पाल सिंह, सोमदत्त सिंह, प्रहलाद सिंह, गजराम सिंह, खुर्शीद हैदर जैदी, योगेंद्र सिंह, भोपाल सिंह तोमर, जाबिर अली, अमीपाल सिंह, शिशुपाल सिंह चौहान, महेंद्र सिंह (बेसिक शिक्षा पेंशनर परिषद), योगेंद्र शर्मा, सुभाष चंद्र, काकुल गुप्ता, लोकेंद्र सिंह, सुभाष चंद आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप सिंह पैसल ने की, संचालन शिवेंद्र सिंह चिकारा ने किया।

## ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**अमरोहा,अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के मलपुर गांव में ग्राम पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कब्जा हटवाने और जमीन को पुनः ग्राम पंचायत के उपयोग में लाने की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम पंचायत मलपुर की भूमि ग्राम पंचायत के नाम दर्ज है। आरोप है कि वर्ष 2008 में पंचायत भवन के निर्माण के दौरान कुछ लोगों ने इस जमीन पर कब्जा कर लिया। इसके बाद वर्ष 2021 में उक्त भूमि पर पक्का मकान भी बना लिया गया, जबकि यह भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए निर्धारित है। ग्रामीणों का कहना है कि कब्जाधारियों द्वारा जमीन पर खेती भी की जा रही है।

# बदहाल रास्ते से होकर स्कूल पहुंच रहे बच्चे

संवाददाता हसनपुर



गंदे पानी में होकर स्कूल जाते बच्चे।

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाव के प्राथमिक विद्यालय में जलभराव की समस्या विकराल हो गई है। क्षेत्र के गांव मनौटा में स्थित प्राथमिक विद्यालय की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाले का गंदा पानी भरा होने के कारण छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में मंगलवार को उत्तम सिंह प्रजापति ने भाजपा जिला अध्यक्ष को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की है। उत्तम सिंह ने बताया कि विद्यालय में बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, लेकिन सड़क और नाला निर्माण न होने से पूरे रास्ते पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। जिससे न केवल संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, बल्कि आए दिन छात्र एवं छात्राएं फिसलकर चोटिल भी हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है।

# जनगणना कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू



शिविर को संबोधित करते अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह। • अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

- डिजिटल डेटा संग्रह पर दिया गया विशेष जोर

**अमृत विचार:** आगामी राष्ट्रीय जनगणना को त्रुटिरहित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर मंगलवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में नगर क्षेत्र के प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया, इस शिविर में प्रतिदिन जनगणना के तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आदि शास्त्री अधिकारी विजयपाल सिंह के द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि जनगणना राष्ट्र के नियोजन एवं विकास की आधारशिला है। अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पचास पचास के छोटे-छोटे बैच बनाए गए हैं, मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संग्रह और मकान सूचीकरण के 34 बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसी के साथ उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 50 लाख से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की हुई समीक्षा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- निर्माण कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, परियोजनाएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन गौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निर्माणाधीन 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

मंगलवार को आयोजित बैठक में डीएम ने अमरोहा शहर की जल निकासी के लिए वॉटर ड्रेनेज योजना के तहत नाला निर्माण, तहसील नौगांव सादात में आवासीय एवं अनावासीय भवन निर्माण, धनौरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर पत्थर कुटी के पर्यटन विकास कार्य, गजरौला में बूढ़े बाबू तालाब मायापुरी के सौंदर्यीकरण, पुनर्गठन पेयजल योजना, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, गजरौला में मैरिज हॉल निर्माण और साइबर क्राइम थाना निर्माण सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें तत्काल सीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड किया जाए। साथ ही थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। यदि कहीं भी कार्यों में कमी या अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने 149 मोबाइल मालिकों को सौंपे

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



बरामद मोबाइल उनके स्वामी को लौटाते एसपी। • अमृत विचार

- 28 लाख रुपये की बताई जा रही बरामद मोबाइल की कीमत

**अमृत विचार:** पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए करीब 28 लाख रुपये मूल्य के 149 गुम और खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह सफलता जनपदीय साइबर सेल और विभिन्न थानों की साइबर हेल्प डेस्क टीमों के संयुक्त प्रयास से मिली है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए।

साइबर सेल और थाना स्तर पर गठित टीमों ने सीईआईआर पोर्टल और सर्विलांस की मदद से इन मोबाइलों को खोज निकाला है। परिणामस्वरूप जिले भर से कुल 149 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 28 लाख रुपये बताई जा रही है। मंगलवार को एसपी ने पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता कर बरामद मोबाइल उनके स्वामियों को लौटाए। मोबाइल फोन वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। उजनपदीय साइबर सेल ने करीब 40 मोबाइल, थाना सैदनगली पुलिस ने 30 मोबाइल, अमरोहा देहात ने 16 मोबाइल, आदमपुर ने 7 मोबाइल, हसनपुर ने 4 मोबाइल, मंडी धनौरा ने 5 मोबाइल, अमरोहा नगर ने 10 मोबाइल, नौगावां सादात ने 7 मोबाइल, बछरायूं ने 3 मोबाइल, डिडौली ने 10 मोबाइल, रहरा ने 4 मोबाइल, गजरौला ने 5 मोबाइल, रजबपुर ने 8 मोबाइल बरामद किए हैं। एसपी ने कहा कि आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे, ताकि लोगों की गुम हुई संपत्ति को बरामद कर उन्हें राहत दी जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर में की गई मदन मोहन जी की प्रतिमा स्थापित

**चंदौसी, अमृत विचार :** कैथल गेट स्थित नया मंदिर में श्री मदन मोहन जी महाराज की नई प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान भजन कीर्तन कर भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में वैदिक रीति रिवाज, मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ व विशेष पूजा अर्चना द्वारा श्री मदनमोहन महाराज की प्रतिमा को स्थापित किया गया। श्री मदन मोहन जी महाराज का भोग लगाकर भंडारे के रूप में प्रसाद सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। कार्यक्रम में राजकिशोर, प्रेम किशोर, नेम किशोर, गिरिराज किशोर, कमल किशोर, ललित किशोर, प्रभात रहे।

### जनगणना प्रशिक्षण में 76 कर्मचारी रहे अनुपस्थित

**संभल, अमृत विचार :** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत जनपद संभल में चल रहे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूसरे दिन भी 76 कर्मचारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे, जिस पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में कुल 1640 निर्धारित कर्मचारियों में से 1564 कर्मचारी ही उपस्थित रहे, जबकि 76 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इससे पहले प्रथम दिवस पर भी 74 कर्मचारी प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे थे।

# तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

## हादसे में मृतका का बेटा, बहू और दो बच्चे घायल, एक ही बाइक पर पांच लोग कर रहे थे यात्रा, दूसरे हादसे में स्कूटी सवार छात्रा को डंपर ने मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता,संभल/ओबरी

- क्षेत्र में खनन कर रहे डंपरों की रफ्तार बेकाबू
- कई बार शिकायत के बाद खनन पर नहीं लगी रोक

**अमृत विचार :** खनन करके जा रहे डंपर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका बेटा-बहू, पौत्र और पौत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग गया। पुलिस चालक को तलाश कर रही है। घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। परिजनों की ओर से अब तक पुलिस को तहरीर नहीं मिली है।

जिले के कस्बा डिडौली निवासी रेशाना (60) पत्नी रमजानी अपने बेटे नईम, पुत्रवधू रुखसार, दो वर्षीय पौत्र गुलाब मुस्तफा और छह माह की पौत्री अलीमा के साथ संभल स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। उनकी बाइक जैसी ही असमोली थाना क्षेत्र के जोया कस्बा के पास स्थित गांव मदाला के पास पहुंची। वैसे ही पीछे से तेज गति से आ रहे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रेशाना की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नईम, रुखसार, गुलाब मुस्तफा और अलीमा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं डंपर को कब्जे में ले लिया। बुजुर्ग महिला की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि हादसा दोपहर करीब दो बजे हुआ है। बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस डंपर चालक की तलाश में जुटी है।



हादसे के बाद मौके पर पुलिस और ग्रामीण। ● अमृत विचार



घायल बच्चे को गोद में लिए परिजन।



हादसे के बाद पकड़ा गया डंपर।

### नियमों की अनदेखी बनी हादसे की वजह

सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस और यातायात पुलिस अभियान चलाती है। लोगों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी करती है, लेकिन लोग अनदेखी करने से चूकते नहीं है। इस हादसे भी नियमों की अनदेखी की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नईम एक ही बाइक पर दो बच्चों समेत पांच लोगों को लेकर जा रहा था। बाइक पर सामान भी बंधा था। यदि बाइक पर कम लोग होते तो हो सकता है कि हादसा बच जाता है और बुजुर्ग महिला की जान बच सकती थी।

### डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार छात्रा घायल हालत गंभीर, निजी अस्पताल में भर्ती

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** असमोली भूड़ा बेगमपुर संपर्क मार्ग पर मंगलवार की सुबह स्कूटी से कॉलेज जा रही छात्रा को डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा को हायर सेंटर रेफर किया गया है। असमोली थाना क्षेत्र के मदाला फतेहपुर गांव निवासी मुखराम सिंह की पुत्री राजरानी बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है मंगलवार की सुबह कॉलेज जाने के लिए स्कूटी लेकर भूड़ा बेगमपुर स्थित कालेज के लिए निकली थी। जैसे ही वह भूड़ा बेगमपुर संपर्क मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने पहुंची तो सामने से आए तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी को सामने से टक्कर मार दी। जिसमे छात्रा गंभीर रूप से ज़ख्मीं हो गई। रास्ते से गुजर रहे अन्य छात्र छात्राओं के शौर मचाने पर लोगों की भीड़ इकटठा हो गई। सूचना पाकर पुलिस और परिजन घटनास्थल पहुंचे गए। घायल छात्रा को इलाज के लिए सीएचसी मनोटा में भर्ती कराया, हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने छात्रा को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि डंपर को पुलिस थाने ले गई।

### ज्यादा फेरे लगाने के चक्कर में तेज चलते हैं डंपर

स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में खनन का कारोबार अवैध रूप से जमकर हो रहा है। डंपर चालक अधिक फेरे लगाने के चक्कर में डंपर तेज गति से दौड़ाते हैं। जिस वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं। बताया जाता है कि डंपर चालक अन्य वाहनों को साइड भी नहीं देते हैं। खनन की शिकायतों के बाद भी जिला प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि डंपरों से जिले में कई हादसे हो चुके हैं। लगातार हो रहे हादसों और खनन पर कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

# अलग-अलग हादसों में युवक की मौत, तीन लोग घायल

संवाददाता,चंदौसी

- पिकअप को डंपर ने मारी टक्कर, चालक गंभीर घायल
- बॉडी काटकर निकाला गया घायल, अस्पताल भेजा

**अमृत विचारः** पुराने बाईपास पर डंपर ने पिकअप को टक्कर मार दी। जिसमें चालक बुरी तरह से फंस गया जिसे डंपर काट कर बाहर निकाला गया। हादसे से में दो लोग घायल हो गए। जिनको उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

जनपद हाथरस के मोहल्ला अपियापुर कलां निवासी चंद्रभान व बबलू निवासी चामड़ गेट हाथरस मंगलवार को मंडी में कुछ सामान लाए थे। समान उतार कर वह वापस हाथरस जा रहे थे। जब वह पुराने बाईपास पर पहुंचे तो सामने से आ रहे डंपर ने पिकअप में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप घूम कर खड़ी हो गई। पिकअप चालक चंद्रभान उस में फंस गया। जबकि हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर वहां से भाग गया। सूचना मिलने पर थाना बनियाठेर पुलिस व अग्निशमन दल मौके पर पहुंच गया। पिकअप को काटकर किसी तरह चालक को बाहर निकाला गया और दोनों को सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया है।

**साइकिल बाइक की टक्कर में दो घायल :** सीता रोड पर मंगलवार की सुबह बाइक पर साइकिल की टक्कर हो गई है। जिसमें साइकिल सवार छात्र व बाइक सवार घायल हो गए। दोनों का उपचार निजी अस्पताल में कराया गया। आरके स्कूल का छात्र अभि निवासी मोहल्ला राज मंगलवार की सुबह साइकिल से अपने घर जा रहा था।

सीता रोड स्थित साहू झुन्नीलाल धर्मशाला के पास पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार व छात्र दोनों नीचे गिरकर घायल हो गए। छात्र अभि व बाइक सवार बदन सिंह पुत्र रामदास का उपचार पास के ही निजी अस्पताल में कराया गया।



चंदौसी में हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त पिकअप। ● अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति मौत

**चंदौसी, अमृत विचार :** हाईवे स्थित धर्म कांटे के पास मंगलवार की सुबह काम पर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव फरीदपुर खास निवासी बंटी (20) चंदौसी बाईपास स्थित एक बजरफुट व सीमेंट की दुकान पर काम करता था। वह ट्रैक्टर से सीमेंट व बजरफुट घर-घर पहुंचाता था। मंगलवार की सुबह 5 बजे वह घर से काम पर आने के लिए निकला। बाइक सवार बंटी जब बाईपास स्थित धर्मकांटे के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अस्पताल ले आई। साथ ही परिजन भी अस्पताल आ गए। परिजनों में बंटी की मौत से कोहराम मचा हुआ था। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंटी पांच बहनों का अकेला भाई था। जबकि बंटी के पिता की मौत भी तीन वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। मां और बहनों का रो - रो कर बुरा हाल था।



बंटी का फाइल फोटो।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार गांव सिंहपुर थरेसा निवासी राजीव मंगलवार शाम करीब सात बजे किशोली से डाडोल गंगा एक्सप्रेस वे के समानांतर सर्विस रोड पर बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक विवाहित था।

# प्रेमी के घर पहुंची युवती परिजनों ने कराया निकाह

कार्यालय संवाददाता,संभल/ओबरी

- युवक के परिजन युवती को उसके घर गए थे छोड़ने
- तब युवती के परिजनों ने करा दिया निकाह
- युवती की मां ने बंधक बनाने का लगाया आरोप

**अमृत विचारः** संभल जनपद के असमोली थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती मुरादाबाद जनपद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव में अपने प्रेमी के घर जा पहुंची। प्रेमी युवक व उसके परिजन युवती को उसके गांव छोड़ने आये तो युवती के परिजनों ने युवक के साथ युवती का निकाह करा दिया।

महिला ने पुलिस से कहा था कि वह अपने बेटे के साथ असमोली थाना क्षेत्र के गांव में अपनी रिश्तेदारी में आईं थी। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने उसके बेटे को घर में बंद कर बंधक बना लिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आनन फानन में मौके पर पहुंची। जहां पुलिस पूछताछ में चला कि युवक का लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था, प्रेम प्रसंग के चलते दोनों ने एक दूसरे की मर्जी से निकाह कर लिया है। उधर दूसरी ओर बताया जा रहा है कि युवक और युवती दोनों के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

प्रेम प्रसंग के चलते सोमवार को युवती प्रेमी के घर पहुंच गई थी। वहां से युवक के परिजन युवक के साथ लड़की को लेकर उसके पिता के गांव में घर छोड़ने आए थे। जहां लड़की के परिजनों ने दोनों की मर्जी से उनका निकाह करा दिया।

# 33 समितियों और विक्रेताओं को दिया नोटिस

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

**अमृत विचारः** जनपद संभल में उर्वरकों की कालाबाजारी, मानक से अधिक बिक्री और अनियमितताओं को लेकर कृषि विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। विभाग की जांच में गड़बड़ियां सामने आने के बाद 33 बी-पैक्स समितियों और 22 निजी उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो संबंधित विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्तीकरण समेत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिला कृषि अधिकारी प्रबोध कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, बावजूद इसके कुछ विक्रेताओं द्वारा जरूरत से अधिक बिक्री कर कृत्रिम किल्लत पैदा करने की आशंका जताई गई है। विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए निगरानी बढ़ा दी है।

विभाग के अनुसार जिले में इस समय यूरिया 18,315.258 मीट्रिक टन, डीएपी 3,432.446 मीट्रिक टन, एमओपी 1,019.680 मीट्रिक टन, एनपीकेएस 18,569.984 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 930.145 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इस प्रकार कुल 42,267.514 मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक मौजूद है, जो वर्तमान जरूरत के हिसाब से पर्याप्त माना जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इस समय मक्का फसल में टॉप ड्रेसिंग के लिए सीमित मात्रा में यूरिया की मांग हो रही है, जबकि उर्वरकों की मुख्य मांग धान सीजन में रहती है।

ऐसे में किसानों को प्रति हेक्टेयर अधिकतम 5 बैग फास्फेटिक उर्वरक और 7 बैग यूरिया ही उपलब्ध कराया जाए। इससे अधिक बिक्री पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रजिस्टर में दर्ज होगा पूरा ब्योरा

विक्रेताओं को स्टॉक रजिस्टर के साथ सेल रजिस्टर भी व्यवस्थित रूप से संधारित करना होगा। इसमें किसान का नाम, पता, मोबाइल नंबर, आधार संख्या तथा फार्मर रजिस्ट्री आईडी दर्ज करना जरूरी होगा। इसके अलावा जिंक, सल्फर, माइक्रोन्यूट्रिएंट, जाइम सहित अन्य कृषि उत्पादों की बिक्री का भी पूरा विवरण रखना अनिवार्य किया गया है।

# लौकी की लौंज खाने के बाद बीमार हुए घराती-बराती

- झोलाछाप के यहां कराया इलाज, रोगियों की हालत में सुधार है

कार्यालय संवाददाता,संभल/ कैला देवी

**अमृत विचार :** पवांसा ब्लॉक के गांव मिलन साकिन शोभापुर में सोमवार रात को बरात में दूल्हा समेत 150 लोग खाना खाने के कुछ देर बाद बीमार हो गए। इससे बरात में अफरा तफरा मच गई। लोगों ने आनन फानन में रोगियों को झोलाछाप के यहां पहुंचाया। झोलाछाप के इलाज से लोगों को राहत मिली और घर आ गए। लोगों का कहना है कि लौकी की लौज खाने के बाद उनकी तबियत बिगड़ गई।

गांव निवासी जोगेंद्र यादव की बेटी विनीता की शादी गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर निवासी मौकम सिंह के बेटे मुलायम सिंह यादव के साथ तय हुई थी।

सोमवार को मौकम सिंह बेटे मुलायम सिंह की बरात लेकर मिलन साकिन शोभापुर पहुंचा था। नाश्ते के बाद सबसे पहले दूल्हा और उसके पिता की हालत खराब होने लगी। कुछ देर बाद अधिकांश बरातियों और घरातियों को भी उल्टी और दस्त होने लगे। लगातार लोगों की हालत बिगड़ने पर लोग अचंभित रह गए। देखते देखते करीब 150 लोगों की तबियत बिगड़ गई।

ऐसी स्थिति देखकर बरात में भगदड़ मच गई। लोग रोगियों को इलाज के लिए इधर उधर लेकर जाने लगे। गांवों और आसपास के झोलाछाप डॉक्टरों को बुलाया गया। तब बीमार लोगों को ड्रिप लगाई गई। इससे रोगियों को आराम मिला।



फूड प्वाइजिंग से बीमार युवक।



फूड प्वाइजनिंग के बाद बीमार महिला।



खाना खाने से बीमार हुई बुजुर्ग महिला।

### बीमारों को देख गांव में मची अफरा-तफरी

प्रत्यक्षदर्शियों और बरातियों के अनुसार भोजन में परोसी गई मिठाइयों में रसगुल्ला, रसमलाई और लौकी की लौंज शामिल थी। कई लोगों ने बताया कि लौकी की लौंज का स्वाद सही नहीं लग रहा था, जिससे फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई।

### स्वस्थ होने पर पड़े फेरे

घटना के बाद शादी समारोह में सन्नाटा पसर गया और खुशी का माहौल पूरी तरह खत्म हो गया। हालांकि बाद में दूल्हे को दवा देने के बाद उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ, जिसके बाद देर रात शादी की शेष रस्में किसी तरह पूरी कराई गईं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उपचार न मिलता तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

# बिजली कटौती को लेकर भड़के ग्रामीण थाने पर दिया धरना

**संभल/बहजोई, अमृत विचारः** बहजोई के गांव फतेहपुर शरीफ नगर में लगातार बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार देर रात फूट पड़ा। करीब तीन दर्जन से अधिक ग्रामीण आधी रात थाना बहजोई पहुंच गए और धरने पर बैठकर विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का आरोप था कि पिछले चार दिनों से गांव की बिजली रोजाना देर रात काटी जा रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि बिजली न मिलने से उनकी मक्का की फसल सूखने लगी है और सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने थाने परिसर में ही भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा का पाठ किया।

# स्नान करते वक्त गंगा में डूबे चचेरे-तहेरे भाई, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता,संभल/बबराला

- दूसरे को तैराकों ने बमुश्किल बाहर निकाला, हालत गंभीर

**अमृत विचारः** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के ईसमपुर डांडा गंगा घाट पर मंगलवार सुबह गंगा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। नंदरौली गांव के रहने वाले चचेरे-तहेरे दो भाई गहरे पानी में डूबकर बह गए। स्थानीय गोताखोरों और एनडीआरएफ टीम के संयुक्त रेस्क्यू अभियान में दोनों को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन 11 वर्षीय माधव की मौत हो गई, जबकि 10 वर्षीय यश की हालत गंभीर बनी हुई है।



मृतक माधव।

जानकारी के अनुसार गांव नंदरौली निवासी मुकेश कुमार अपनी पत्नी मीरा देवी के साथ मंगलवार सुबह करीब 10 बजे गंगा स्नान करने ईसमपुर घाट पहुंचे थे। उनके साथ उनका 10 वर्षीय बेटा यश और छोटे भाई अमित कुमार का 11 वर्षीय बेटा माधव कुमार भी मौजूद था। सभी लोग गंगा में स्नान कर रहे थे, तभी अचानक दोनों बच्चे गहरे गड्ढे में चले गए। बताया जा रहा है कि पहले तहेरे भाई माधव का पैर फिसला और वह गहरे पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में चचेरा भाई यश भी आगे बढ़ा, लेकिन दोनों ही तेज धारा और गहरे गड्ढे में फंसकर डूब गए। बच्चों को डूबता देख घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और शोर मचाया गया। सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोर तुरंत सक्रिय हो गए और तलाश शुरू कर दी। कुछ ही देर में थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और एनडीआरएफ टीम को बुलाकर रेस्क्यू अभियान शुरू कराया गया। करीब डेढ़ घंटे तक चले संयुक्त अभियान के दौरान गंगा में पहले से लगाए गए जाल में दोनों बच्चे फंसे मिले, जिससे उन्हें ज्यादा दूर तक बहने से रोका जा सका। रेस्क्यू टीम ने दोनों बच्चों को बाहर निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने माधव को मृत घोषित कर दिया। वहीं यश की हालत गंभीर होने पर उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेसुध हो गए। बताया जा रहा है कि माधव अपने ताऊ मुकेश कुमार के साथ उनकी ससुराल आया हुआ था और गंगा स्नान के दौरान यह हादसा हो गया। थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि गंगा में डूबे दोनों बच्चों को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया गया था। इनमें से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि परिजनों की ओर से शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं परिजनों ने मृतक बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।



बबराला में बच्चों के गंगा में डूबने के बाद गुन्नौर सीएचसी में लगी भीड़।

# चाचा की बरात से पहले उठी भतीजे की अर्थी

संजीव वार्ष्णेय, बबराला

- बच्चे की मौत से परिवार का सपना टूटा, रो रोकर बुराहाल

**अमृत विचारः** घर में शादी का उल्लास था। आंगन में ढोलक की थाप गूंज रही थी, महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं और हर चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। लेकिन किसी को क्या पता था कि कुछ ही वक्त में यही आंगन चीखों और सिसकियों से भर जाएगा।

गुन्नौर क्षेत्र के ईसमपुर डांडा के कच्चे गंगा घाट पर मंगलवार की सुबह खुशियों पर ऐसा ग्रहण लगा कि पूरा परिवार टूट गया। गांव नदरौली का 11 वर्षीय माधव, जो अपने चाचा आकाश की शादी में शामिल होने से पहले गंगा में स्नान करने आया था, गंगा की लहरों में समा गया। माधव के ताऊ मुकेश हरियाणा के कैथल में फूड कार्ट लगाते हैं। चचेरे भाई आकाश की शादी में शामिल होने के सोमवार शाम को ही गांव पहुंचे थे। मंगलवार को आकाश की वारात रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव देवरा भूरा जानी थी। घर में शादी की रौनक थी, लंबे समय बाद परिवार एक साथ जुटा था। गांव लौटने पर पत्नी मीरा ने मायके ईसमपुर डांडा घूमने की इच्छा जताई तो मुकेश अपनी पत्नी मीरा, पुत्र यश और भतीजे माधव को साथ लेकर ईसमपुर डांडा पहुंचे। करीब दस बजे गांव के पास ही स्थित कच्चे गंगा घाट पर गंगा स्नान करने पहुंच गए। माधव और उसका चचेरा भाई यश गंगा में उतर गए। दोनों आगे बढ़ते चले गए और अचानक गहरे पानी में फंस गए। लोगों ने दौड़कर यश को खींच लिया, लेकिन माधव तेज धारा में बह गया।

# मोबाइल, स्क्रीन टाइम कम करने पर दिया जोर

**चंदौसी, अमृत विचार :** राजेश कुमार सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज चंदौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय स्क्रीन टाइम कम करने में माता-पिता की भूमिका रहा।

विचार गोष्ठी में स्वयंसेवक सिद्धार्थ ने कहा कि इसमें माता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। माता हर वक्त घर रहतीं हैं, इसलिए वे निगरानी और टोका टाकी कर सकती हैं। स्वयंसेवक देव चौधरी ने कहा कि समाज के जिम्मेदार लोगों को भी इस विषय पर बोलना चाहिए और लोगों को जागरूक करने का काम करना चाहिए। गोष्ठी में अंशु, अभिषेक, आकाश गिरी ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम अधिकारी शरद शर्मा ने कहा कि स्क्रीन टाइम कम करने में माता -पिता और समाज की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

